www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 | अंक–144 | सागर, शनिवार 12 जुलाई 2025 | पृष्ठ–8 | मूल्य – 2.00 रुपए

आपातकालीन द्वार के सामने लगी सीट हटवाकर यात्री बस जप्त की — पृष्ठ 2

▸ बाढ़ क्यों स्थायी समस्या बन गई है?
▸ महाराष्ट्र : एक बार फिर से दहाड़ रहा है बाघ — पृष्ठ 4

▸ पत्नी पर अश्लील टिप्पणी से नाराज युवक ने की थी सिर कुचलकर हत्या — पृष्ठ 6

मगरमच्छ ने महिला को बनाया शिकार, जबड़े में फसाकर ली जान, शव बरामद — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### गुजरात पुल हादसे में मरने वालों की संख्या 21 पहुंची

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल की अस्पताल में मौत हुई। मरने वालों का आंकड़ा 20 हो गया है। एक शख्स की तलाश में एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीमें जुटी हैं। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा कि नदी में गिरे एक टैंकर में सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। ऐसे में पता लगाया जा रहा है कि उसमें से कोई रिसाव तो नही है। वहीं पानी सोडा ऐश (सोडियम कार्बोनेट) होने के कारण रेस्क्यू टीम को जलन और खुजली हो रही है। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है।

### तेलंगाना भाजपा विधायक राजा सिंह का इस्तीफा स्वीकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना में गोशामहल सीट से विधायक राजा सिंह लोध का पार्टी से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने अधिसूचना जारी करके बताया कि पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उनके पार्टी से इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

जेपीसी की बैठक में पूर्व प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने दिया सुझाव

# चुनाव आयोग को नहीं दे सकते बेलगाम ताकत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक देश–एक चुनाव के लिए 129 वें संशोधन बिल पर संयुक्त संसदीय कमेटी की बैठक शुक्रवार को संसद भवन में हुई। इस बैठक में पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जगदीश सिंह खेहर ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने बैठक के दौरान अपनी बातें भी रखी।

दोनों पूर्व सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के चुनाव आयोग को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली को लागू करने में अनियंत्रित शक्तियां नहीं दी जानी चाहिए। इससे पहले पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने भी प्रस्तावित संविधान संशोधन कानून में चुनाव निकाय को दी गई 'व्यापक शक्तियों' पर सवाल उठाया था। डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर ने संसदीय समिति को सुझाव दिया कि चुनावों के संचालन पर एक निगरानी तंत्र होना चाहिए।

**संसदीय समिति को चुनावों के संचालन पर निगरानी तंत्र बनाने पर दिया जोर**

### संसद की निगरानी जरूरी

सूत्रों के अनुसार, बैठक में वरिष्ठ कानून विदों ने नए बिल में चुनाव आयोग को मिलने वाली अतिरिक्त शक्तियों पर गहन समीक्षा और संसद की निगरानी को जरूरी बताया है। उदाहरण देते हुए सुझाव दिया गया कि अगर किसी कारणवश लोकसभा के साथ किसी राज्य का चुनाव नहीं होता है, तो उस स्थिति में चुनाव कब तक कराना अनिवार्य होगा, यह कानून में स्पष्ट होना चाहिए। यह फैसला चुनाव आयोग की मर्जी पर नहीं छोड़ा जा सकता। साथ ही चुनाव में देरी के मामलों में केवल चुनाव आयोग का फैसला न हो, बल्कि संसद की भी निगरानी और अधिकार सुनिश्चित हों।

### निर्वाचित सरकार का 5 साल का कार्यकाल जरूरी

न्यायाधीशों में से एक ने यह भी कहा कि निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल सुशासन के लिए महत्वपूर्ण है। इसे (पांच साल के कार्यकाल को) किसी भी परिस्थिति में कम नहीं किया जाना चाहिए। संविधान (एक सौ उनतीस वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति जांच कर रही है। बता दें कि देश के दो अन्य पूर्व चीफ जस्टिस यूयू ललित और रंजन गोगोई भी समिति के समक्ष उपस्थित हो चुके हैं। हालांकि दोनों ने एक साथ चुनावों की संवैधानिकता पर सवाल नहीं उठाया, लेकिन उन्होंने विधेयक के कुछ पहलुओं पर सवाल उठाए और सुझाव दिए थे। भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति, विधेयक पर अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बात कर रही है, जिसका उद्देश्य राज्यों में विधानसभाओं और संसद के चुनाव एक साथ कराना है।

इंदौर में आयोजित मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने कहा- रियल स्टेट देश का सबसे अधिक प्रगतिशील क्षेत्र

# 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले

- 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर होंगे सृजित
- प्रदेश के सभी शहरों में आयोजित करेंगे ग्रोथ कॉन्क्लेव
- गिफ्ट सिटी के जैसे मध्यप्रदेश में भी 10 सिटी बनाएंगे
- प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किये जायेंगे
- शहरी विकास के लिये दी सौगातें




**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है और यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। रियल एस्टेट के विकास में ही देश का विकास अंतर्निहित है। हम इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी बड़े शहरों में इसी तरह की ग्रोथ कॉन्क्लेव करके और सबको घर मुहैया कराकर नागरिकों के जीवन में खुशहाली लायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर देश की जीडीपी में अब 8.5 प्रतिशत तक योगदान दे रहा है, जो कभी मात्र 3 प्रतिशत हुआ करता था। उन्होंने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी। उन्होंने घोषणा की है कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी।

प्रदेश के समग्र शहरी विकास और रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और शहरी एवं औद्योगिक विकास को नई ऊचाईयां प्राप्त होंगी। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के लिये 12 हजार 360 करोड़ रुपये की सौगातें भी दी।

### *निवेशकों से की रूबरू चर्चा*



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों से रु-ब-रु चर्चा की और निवेश की संभावनाओं पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया। डॉ. यादव ने मुख्य रूप से हुडको के अध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ, पटेल इंफ्रा के अरविंद विदुलभाई पटेल, आईटीसी के आशीष पाल, एमकेसी इंफ्रा के केतन पटेल, ओमेक्स ग्रुप के मोहित गोयल, मेडुला सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के शांतनु शर्मा, राठी स्टील लिमिटेड के ध्रुव राठी, मध्यप्रदेश होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सुमित सूरी, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की सुश्री प्रीति पटेल, डापलमायर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रफुल्ल चौधरी, साई ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के रितेश दास से चर्चा की।*

### शहरी विकास को गति देने के लिये हुए महत्वपूर्ण एमओयू

शहरी प्रशासन के विविध घटकों को टेक्नॉलॉजी के माध्यम से इंटीग्रेट करके अधिक कार्यकुशल बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन और भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान के बीच महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। नगरीय विकास विभाग के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शहरी विकास कंपनी और हाउसिंग और शहरी विकास निगम लिमिटेड के मध्य समझौता निष्पादन हुआ। मध्यप्रदेश शासन और आईआईएम इंदौर के बीच सिंहस्थ 2028 की कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए एमओयू किया गया है।

### यह निवेश प्रस्ताव मिले

कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करोड़ रुपये का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करोड़ रूपये, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करोड़ रुपये, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करोड़ रूपये, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करोड़ रूपये तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिये एक हजार 320 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

पुणे की अदालत में मानहानि मामले पर दी सफाई

## सावरकर पर बयान के लिए दोषी नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सावरकर पर दिए बयान के लिए राहुल गांधी ने खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने साफ कहा कि मैं इस मामले में दोषी नहीं। पुणे की अदालत में शुक्रवार को मानहानि मामले की सुनवाई हुई यह मामला राहुल गांधी के एक पुराने बयान से जुड़ा है जो उन्होंने वीर सावरकर को लेकर दिया था। इस मामले की शिकायत सावरकर के परपोते सत्यकी सावरकर ने की थी। कोर्ट ने राहुल गांधी पर आरोप पढ़कर सुनाया।

राहुल गांधी की ओर से उनके वकील मिलिंद पवार पेश हुए और उन्होंने अदालत में बताया कि राहुल गांधी खुद को इस मामले में दोषी नहीं मानते। राहुल गांधी कोर्ट में मौजूद नहीं थे। सत्यकी सावरकर के वकील संग्राम कोल्हटकर ने बताया कि अब जब आरोप तय हो चुके हैं और राहुल गांधी की ओर से जवाब भी आ गया है, तो अगली प्रक्रिया यानी मुकदमे की बाकायदा सुनवाई शुरू होगी। वकील मिलिंद पवार ने अदालत में कहा कि राहुल गांधी खुद को इस आरोप में दोषी नहीं मानते। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया कि इस आधार पर आगे की सुनवाई चलाई जाए।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर बालाघाट में वन विभाग का दफ़्तर सील

**बालाघाट, देशबन्धु।** बीस साल पुराने एक मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आज बालाघाट जिला मुख्यालय स्थित दक्षिण उत्पादन वनमंडल और मुख्य वन संरक्षक कार्यालय को सील कर दिया गया। आज सुबह कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे, तो कार्यालय के बाहर न्यायालय का नोटिस चस्पा मिला और दरवाजे पर ताले लटके दिखे।

दरअसल, वर्ष 2005 में बालाघाट की इस इमारत में पश्चिम उत्पादन वनमंडल नामक कार्यालय था, जिसका वर्ष 2013 में बंद कर दक्षिण उत्पादन में विलय कर दिया गया। इस दौरान कल्पतरू एग्रो फार्म, कोलकाता नामक फर्म ने विभाग से बड़ी मात्रा में बांस की खरीदारी की थी। इसके लिए फर्म ने बकायदा भुगतान भी किया, लेकिन कार्यालय के बंद हो जाने के बाद वह बांस उठाव नहीं कर सका। समस्या तब खड़ी हुई जब फर्म द्वारा भुगतान की गई राशि विभाग ने वापस नहीं की। इस पर कल्पतरू एग्रो फार्म के संचालक ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने गत 20 जून 2025 को आदेश दिया कि वन विभाग फर्म को 1.20 करोड़ की राशि वापस करें। न्यायालय के आदेश के बाद भी विभाग ने भुगतान नहीं किया, जिस पर न्यायालय कार्यालय को सील करने का आदेश दिया।

## नोटों से भरे बैग के साथ राज्यमंत्री का वीडियो वायरल, राजनीति गरमाई



**मुंबई, एजेंसी।** फणनवीस सरकार में एकनाथ शिंदे शिवसेना के कोटे से राज्यमंत्री संजय शिरसाट का नोटो से भरे बैग के साथ वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने जारी किया है। जिससे महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई। इसके एक दिन पहले ही शिरसाट को आयकर विभाग ने एक नोटिस दिया है।

श्री राउत द्वारा आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए इस वीडियो में राज्य मंत्री शिरसाट अपने आवास पर भारी मात्रा में नगदी के साथ दिखाई दे रहे हैं। संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस वीडियो फुटेज पर ध्यान देने का आग्रह किया है। वीडियो में महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट एक बेडरूम में सिगरेट पीते हुए दिखाई दे रहे हैं, उनके बगल में नगदी से भरा एक सूटकेस रखा है। साथ ही एक और सूटकेस भी दिखाई दे रहा है। बगल में एक पालतू कुत्ता भी नजर आ रहा है। राउत ने मराठी में लिखा, यह रोचक वीडियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को देखना चाहिए!

**शिरसाट को एक दिन पहले ही मिला है आयकर का नोटिस**

## रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र देंगे मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां 16 वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि मोदी इस अवसर पर नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश भर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। रोजगार मेले में शनिवार को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे मोदी यह रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं।

हर बार रक्षा बंधन से पहले पिघलता हिमलिंग बना विवाद का मुद्दा

# अमरनाथ यात्रा का प्रतीक हिमलिंग पिघल गया

▪ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू, देशबन्धु।** अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने इसके पिघलने की प्रक्रिया से पल्ला झाड़ते हुए कहा है कि यह प्राकृतिक प्रक्रिया है पर कश्मीर के पर्यावरणविद इसे मानने को तैयार नहीं हैं जिनका कहना था कि क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं को यात्रा में शामिल होने की अनुमति देने से ऐसा हुआ है। चिंता की बात यह है कि इस बार यह यात्रा शुरू होने के 7 दिनों के भीतर ही पिघल गया।

पिछले कई सालों से जिस तेजी से हिमलिंग पिघल रहा है उसे रोकने की खातिर किए जाने वाले उपाय नाकाफी साबित हो रहे हैं। दरअसल गुफा में क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से हिमलिंग को नुक्सान पहुंच रहा है क्योंकि लाखों भक्तों की गर्म सांसों को हिमलिंग सहन नहीं कर पा रहा है। श्राइन बोर्ड के अधिकारी अप्रत्यक्ष तौर पर भक्तों की सांसों की थ्यूरी को मानते हैं पर प्रत्यक्ष तौर पर वे इसे कुदरती प्रक्रिया करार देते थे। श्राइन बोर्ड के अधिकारी कहते थे कि ग्लोबल वार्मिंग भी इसे प्रभावित कर रही है। वे इससे इंकार करते थे कि गुफा में क्षमता से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वर्ष 1996 के अमरनाथ हादसे के बाद नीतिन सेन गुप्ता कमेटी की सिफारिश थी कि 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को यात्रा में शामिल न होने दिया जाए। पर ऐसा कभी नहीं हो पाया। इस बार 7 दिनों में डेढ़ लाख श्रद्धालु गुफा में पहुंचे हैं। इस पर पर्यावरणविद खफा हैं। वे कहते हैं कि यात्रियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि न सिर्फ हिमलिंग को पिघलाने में अहम भूमिका निभा रही है, यात्रा मार्ग के पहाड़ों के पर्यावरण को भी जबरदस्त क्षति पहुंचा रही है। इन पर्यावरणविदों का कश्मीर के अलगाववादी भी समर्थन करते रहे हैं। दिवंगत सईद अली शाह गिलानी गुट ने तो यात्रा को 15 दिनों तक सीमित करने और यात्रियों की संख्या कम करवाने को कई बार मुद्दा बनाया है।

**श्राइन बोर्ड बोला प्राकृतिक नियम पर्यावरणविद बोले संख्या कम करो**

श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं की संख्या को कम करने को राजी नहीं दिखता है। पर वह हिमलिंग के संरक्षण की योजनाओं पर अमल करने का इच्छुक जरूर दिखता है। श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं की संख्या को कम करने की बजाय यात्रा को सारा साल चलाने के पक्ष में भी समर्थन जुटाने में जुटा हुआ है, जो माहौल को और बिगाड़ रहा है इसके प्रति कोई दो राय नहीं है। यात्रा शुरू होने के बाद भक्तों के अलावा गुफा के आस-पास बड़ी तादाद में सुरक्षाकर्मी भी मौजूद हैं। भारी भीड़ की वजह से अमरनाथ गुफा के आसपास का तापमान और बहुत बढ़ गया है, हालांकि श्राइन बोर्ड ने दावा किया था कि पिछले दो तीन साल में उन्होंने कुछ ऐसे उपाय किए हैं, जिससे गुफा तापमान ना बढ़े। जब 30 जून को बाबा बर्फानी ने पहली बार दर्शन दिए थे तब शिवलिंग का आकार करीब 18 फीट का था। और धीरे – धीरे वह अब लगभग पूरी तरह से पिघल गया है। हालांकि अधिकारी कहते थे कि ये अभी भी एक फीट के करीब विद्यमान है। ये पहला मौका नहीं है जब बाबा बर्फानी पहली बार अपने भक्तों से रूठे हों, इससे पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है। अभी तक करीब डेढ़ लाख भक्त बर्फानी बाबा के दर्शन कर चुके हैं, जबकि सरकार चाहती है कि सात लाख और भक्त अमरनाथ पहुंचें। हर दिन हजारों श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर रहे हैं। दर्शन करके लौटते भक्त बताते है कि महादेव का धीरे धीरे यूं अंतर्ध्यान होना उनकी क्रोधलीला है। पिछले साल जब दर्शन करने वालों का आंकड़ा चार लाख पहुंचा था तभी हिमलिंग पूरी तरह से पिघल गया था। इस बार गर्मी को भी एक कारण ठहराया जा रहा है।



# प्रधानमंत्री आवास योजना के 765 हितग्राहियों को गृह प्रवेश और 248 नवीन हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन्दौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर कार्यक्रम में पीएमएवाय शहरी 1.0 अंतर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व पीएमएवाय शहरी 2.0 अंतर्गत नवीन आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने हेतु आयोजित कार्यक्रम का नगर निगम द्वारा लाईव प्रसारण एवं स्थानीय स्तर पर विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गृह प्रवेश एवं नवीन स्वीकृति पत्र वितरण महाकवि पद्माकर सभागार मोतीनगर तिराहा के पास आयोजित कार्यक्रम में किया गया। निगमायुक्त ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि मैं सभी नागरिकों का अभिवादन करता हूं। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि नर सेवा ही नारायण की सेवा है उनके इस संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी




ने चरितार्थ किया है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को गृह प्रवेश एवं नये हितग्राहियों को राशि उनके खातों में भेजी जा रही है, यह क्षण किसी भी व्यक्ति का अहम क्षण होता है। हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका स्वयं का पक्का मकान हो, इस सपने को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने किया। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए सचमुच बहुत हर्ष का दिन है, आज श्रावण का पवित्र महीना शुरु हुआ है और ये भोलेनाथ की ही कृपा है कि आज यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन परिवारों को समर्पित है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपने सपनों का पक्का घर मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने हर बेघर परिवार को अपना पक्का घर उपलब्ध कराने का जो संकल्प लिया है, वह आज साकार हो रहा है। जिन लाभार्थियों के आवास का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें आज गृह प्रवेश कराया जा रहा है। यह उनके वर्षों के सपनों को साकार करने का क्षण है। नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डो के 765 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जा रहा है, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही 248 नवीन स्वीकृत आवासों के लिये स्वीकृति पत्र भी आज प्रदान किये जा रहे हैं। निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने गरीबों की चिंता करते हुये एक ऐसी ऐतिहासिक योजना बनाई जिसके तहत अब हर गरीब का अपना पक्का घर होगा। एक भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो देश का परिदृश्य बदला। गरीब की आवश्यकता होती है रोटी, कपड़ा, मकान और अच्छा स्वास्थ्य जिसे प्रधानमंत्री ने पूरा किया। भाजपा की सरकार गरीबों के कल्याण की सरकार है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हितग्राही, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## शाहगढ़ में निर्माण हो रहे श्रीफल तीर्थ पर विराजे नेमीनाथ



**शाहगढ़, देशबन्धु।** राजस्थान से काले पत्थर की तैयार होकर आई साढ़े सात फीट ऊंची भगवान नेमीनाथ की विशाल प्रतिमा की नगर में भव्य आगवानी की गई। बरायठा रोड स्थित निर्माणधीन श्रीफल तीर्थ पर विराजमान होने वाली यह प्रतिमा जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ की है। प्रतिमा को एक विशेष जुलूस के साथ नगर के झंडा चौक पर लाया गया, नगर में विराजमान युगल मुनिश्री समत्व सागर और शील सागर ने प्रतिमा का अवलोकन किया और पुष्प वर्षा करके शुद्धि की, महिलाओं ने चौक सजाया, गाजे बाजे के साथ सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान नेमीनाथ की आगवानी की, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुये।

## नपकर्मियों ने 25 गोवंश को गौशाला में छोड़ा



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन में मुख्य नपा अधिकारी प्रभुशंकर खरे ने नपा कर्मियों को निर्देशित किया कि नगर के मुख्य रास्तों पर से आवारा गौवंश को पकड़कर गौशाला में छोड़ा जाये। आम सड़को पर विचरण करते नहीं मिले जिससे गोवंश के कारण होने वाली असुविधा और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पशुमालिकों के गौवंश विचरण करते पाये जाने पर उन पर जुर्माना या वैधानिक कार्यवाही की जावे। नपाकर्मियो द्वारा बताया की नेशनल हाइवे ओवरब्रज एवं मुख्य चौराहा के पास से 25 गोवंशीय पशुओं को हांककर गौशाला में छोड़ा गया हैं। नपा द्वारा नगर वासियों से अपील की है पशुमालिक अपने मवेशियों को बांधकर रखे खुले सड़को पर न छोड़े। मुख्य रास्तों और हाइवे पर पकड़े जाने उनके विरुद्ध वैधानिक या जुर्माना कार्यवाही की जायेगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुई बैठक



**बांदरी, देशबन्धु।** खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के आव्हान पर खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक साथ एक दिन 18 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 50 हजार पौधारोपण होगे। कार्यक्रम अंतर्गत बांदरी मण्डल के ग्राम सागौनी, ग्राम बीजरी, ग्राम नाऊढाना, ग्राम मुहली, ग्राम राजौआ, ग्राम तिगरा एवं ग्राम पंचायत पाली में अभियान की सफलता हेतु मंडल के कार्यकर्ताओं ने बैठक की एवं संपर्क किया। इस दौरान बीजेपी मंडल के पदाधिकारी एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुरु उपकार दिवस मनाया



**सागर, देशबन्धु।** श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर वर्णी कॉलोनी में सांगानेर जयपुर द्वारा संचालित द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्वाध्याय करने वाली समस्त महिला ग्रुप द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से किया गया। तत्पश्चात ब्रह्मचारिणी बहिन वंदना दीदी एवं जयश्री द्वारा गुरु की महिमा को बताते हुये कहा कि जिसके जीवन में गुरु नही उसका जीवन शुरू नही, सांगानेर विद्वान पं. आशीष शास्त्री एवं पं. राकेश रत्नेश का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं स्वाध्याय ग्रुप की सभी महिलायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## संत केशव गिरी के सानिध्य में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा

**सागर, देशबन्धु।** विश्व और देश कल्याण की भावना को लेकर सांसद लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा संत केशव गिरी के सानिध्य में आज से 14 जुलाई तक श्री महारुद्र यज्ञ शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण कथा सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को शाम मंत्रोच्चार एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार वैदिक वाटिका से कलश यात्रा निकाली गई जो विभिन्न स्थानों से होते हुये वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में महिलायें पीले वस्त्र धारण किये सिर पर कलश लेकर हर हर महादेव के जय घोष के



साथ यज्ञ स्थल तक पैदल चली, इस आध्यात्मिक यात्रा में गुड्डू वानखेड़े ने सर पर शिव पुराण रखी एवं सांसद वानखेड़े ने सिर पर कलश रखकर श्रद्धालुओं के साथ हर हर महोदव घर-घर महादेव के जयघोष लगाये। कलश यात्रा के समापन पर यज्ञ स्थल पर कलशों का पूजन अर्चन एवं मंत्रों के साथ की गई संत केशव गिरी के नेतृत्व में उपस्थित पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों और सनातन परंपराओं के अनुसार पूजा संपन्न कराई गई। तत्पश्चात केशव गिरी महाराज, गुड्डू वानखेड़े एवं लता वानखेड़े को मंच पर ले जाकर व्यास पीठ का पूजन कराया और समस्त उपस्थित श्रद्धालुओं को अपनी अमृतवाणी में संक्षिप्त में भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि भगवान शंकर की पूजा देवताओं ने भी की है, इसका उदाहरण रामायण में मिलता है जब भगवान राम लंका पर विजय करने जा रहे थे, तो उन्होंने पार्थिव शिवलिंग की स्थापना की थी इसी प्रकार हनुमान जी ने भी भगवान शिव की पूजा की है और सावन के माह में भगवान शिव की पूजा का बड़ा महत्व है, आज से प्रात: 8 बजे से रुद्री निर्माण प्रारंभ हो जायेगा इसलिये सब लोग परिवार सहित आये और रुद्री निर्माण करें और शिव महापुराण की कथा का श्रवण करें और पार्थिव शिवलिंगों का अभिषेक करे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में धर्मप्रमी बंधु उपस्थित रहे।

## डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विवि में प्रवेश सेल बना परेशानी का सबब

### छात्र तरणदीप ने आत्मदाह की चेतावनी दी

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रवेश प्रकोष्ठ इन दिनों छात्रों के लिये राहत नहीं, बल्कि परेशानी का कारण बनता जा रहा है। काउंसलिंग के दौरान न तो छात्रों की उचित मार्गदर्शन से सहायता की जा रही है और न ही समस्याओं का समाधान दिया जा रहा है। यही कारण है कि दूर-दराज से आये छात्र और उनके अभिभावक विश्वविद्यालय परिसर में भटकते देखे जा रहे हैं।

**चेयरमैन और प्रवेश टीम से नहीं मिल रहा संतोषजनक जवाब**

प्रवेश सैल के चेयरमैन प्रो. दिवाकर शुक्ला एवं उनकी टीम छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। नतीजा यह है कि छात्रों को न जानकारी मिल पा रही है और न ही न्याय। कई छात्र 1500 से 1800 किलोमीटर की दूरी तय कर सागर पहुंचते हैं लेकिन उन्हें न तो सही जवाब मिलता है और न ही मदद।

**रसायन विभाग में छात्र तरणदीप बना भुक्तभोगी**

राहतगढ़ और खुरई के बीच एक छोटे से गांव का रहने वाला, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस का छात्र तरणदीप बीएससी पास करने के बाद रसायन विज्ञान में पीजी करना चाहता था। बीते वर्ष भी उसे एक बैक का झूठा बहाना बनाकर काउंसलिंग से बाहर कर दिया गया, जबकि उसकी अंकसूची में सब क्लियर था। वही, अन्य छात्रों को बैक के बावजूद प्रवेश दे दिया गया था। इस वर्ष जब तरणदीप को काउंसलिंग में सीट मिलने वाली थी, उसी समय एक अन्य छात्र, जो किसी शिक्षक की पहचान से आया था, देर से आकर उस सीट पर प्रवेश पा गया। तरणदीप की सीट को होल्ड कर दिया गया और दूसरी काउंसलिंग में भी कोई समाधान नहीं दिया गया। शिकायतों का कोई जवाब न मिलने से वह फिर दर-दर भटकता रहा।

**प्रशासन तक पहुंचाई शिकायत, आत्मदाह की चेतावनी**

न्याय न मिलने पर हताश छात्र तरणदीप ने विवि कुलपति, एडमिशन सैल, रसायन विभाग सहित जिला कलेक्टर और एसपी को शिकायत पत्र भेजा। साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी को भी इस अन्याय की जानकारी दी। तरणदीप ने पत्र में चेतावनी दी है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्मदाह जैसा कदम उठाने को मजबूर होगा।

**प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग**

ऐसे कई मामले सामने आए हैं जो विवि की प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी को उजागर करते हैं। छात्रों की शिकायतों को नजरअंदाज करना केवल विवि की साख को ही नहीं बल्कि छात्रों के भविष्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है।

**प्रशासन मौन, छात्र आक्रोशित**

विवि प्रशासन की चुप्पी और उदासीनता अब छात्र समुदाय में आक्रोश पैदा कर रही है। यह आवश्यक है कि उच्च स्तर पर मामले की जांच हो और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायें, साथ ही पीड़ित छात्र को तत्काल न्याय मिले।

> एडमिशन सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी ने सामान्य श्रेणी एवं ईडब्ल्यूएस के लिये भाग लिया था लेकिन उसका प्रवेश नहीं हो सका। ईडब्ल्यूएस की सीट होल्ड पर होने के कारण द्वितीय काउंसलिंग में इस श्रेणी की सीट नहीं भरी गई। जानकारी अनुसार तीसरी काउंसलिंग में ईडब्ल्यूएस की सीट खाली रहेगी। जिसमें उक्त अभ्यर्थी के प्रवेश पर विचार किया जायेगा।
>
> **-विवेक जायसवाल, विवि के मीडिया अधिकारी**

## पिता ने पुत्री पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां पिता पर आरोप है कि उसने ही अपनी ही जवान बेटी पर कुल्हाड़ी से कई बार कर लहूलुहान कर दिया। मामले की सच्चाई क्या है यह तो पुलिस की जांच के बाद ही सामने आयेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अण्डेला ग्राम में शुक्रवार की शाम लड़की पर धारदार हथियार से हमले की खबर फैल गई कि पिता ने अपनी बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, वही घटना स्थल से बेटी को गंभीर हालत में सीएचसी में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना के कारणों का पता नहीं लगा सका आखिर पिता ने अपनी बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला क्यों कर दिया। डॉ. विक्रांत गुप्ता ने बताया कि अंडेला निवासी संध्या पिता रामबहार घोषी 18 वर्ष गंभीर घायल अवस्था में सीएचसी मालथौन आई जो गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार से हमला प्रतीत होता है। लड़की के गंभीर घायल होने से प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी मालथौन ने बताया कि अंडेला में पिता ने पुत्री को कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है। पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

## सागर को मकरोनिया से जोड़ने वाला रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण आज

**सागर, देशबन्धु।** संभागीय मुख्यालय सागर और उपनगर मकरोनिया और आसपास के कई इलाकों को एक बड़ी सुविधा की सौगात का लोकार्पण आज होने जा रहा है। रेलवे गेट 28 के नवनिर्मित आरओबी के लोकार्पण एवं संत रविदास स्मारक पहुंच मार्ग का भूमिपूजन समारोह आज लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे। विधायक लारिया की मेहनत और अथक प्रयास जुड़े है रेलवे ओवर ब्रिज से सागर और मकरोनिया और आसपास के इलाकों से रोजाना 70 हजार लोगों के आवागमन को सुलभ और समय बचाने का काम 28 गेट के रेलवे ओवर ब्रिज करेगा। विधायक प्रदीप लारिया ने बताया कि मकरोनिया सागर रेलवे ब्रिज के शुरू होने से इन इलाकों के नागरिकों को फायदा होगा। खासतौर से अब स्कूली बच्चों और रोजाना अप डाउन करने वालों को अब घूमकर आना जाना नही पड़ेगा। इसके साथ ही भोपाल से सागर होते हुये छतरपुर, टीकमगढ़, जबलपुर और नरसिंहपुर आदि आने जाने वालो को अब सीधा रास्ता मिल जाएगा।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण, अनुपस्थित शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकने और वेतन काटने के दिए निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी ने शास. एकीकृत माध्य. शाला एवं शास. उच्च. माध्य. विद्यालय मेहर विकासखंड राहतगढ़ का निरीक्षण किया। माध्य. शाला मेहर में कुल पदस्थ शिक्षक 12 हैं जिसमें से चार शिक्षक उपस्थित मिले तीन शिक्षक चिकित्सा अवकाश पर हैं एवं 5 शिक्षक विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित शिक्षकों में रागिनी बोहरे मा.शि., आशा खटीक सहा. शि., नंदनी वर्मा प्रा.शि., सरिता शुक्ला प्रा.शि एवं कंचन मिश्रा प्रा.शि.। इसी प्रकार उच्च. माध्य. विद्यालय मेहर मे 11 बजे विद्यालय में कुल नियमित पदस्थ लोक सेवक 16 एवं अतिथि शिक्षक 4 हैं। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक संस्था में उपस्थित मिले और कोई भी अतिथि शिक्षक उपस्थित नहीं मिले। अनुपस्थित लोकसेवकों में देवेन्द्र कुमार बिलथरे, मिथलेश मिश्रा, कौशल गुसाई, दिनेश पांडे, गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा, अमोल मिश्रा, पीएल अहिरवार, संगीता यादव, राकेश भिडे, लीलाबाई अहिरवार, संजय सिंह राजपूत, मनोज चौधरी। जिला शिक्षा अधिकारी ने संस्था के प्रभारी प्राचार्य के निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की, अनुपस्थित लोक सेवकों का एक दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही करते हुये संबंधितों की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रवाह से रोकने संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया एवं कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्ति की कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

## जो आपको आपके होने का अहसास करा बंधन मुक्त कर दे वही सच्चे अर्थों में गुरु कहलाने का अधिकारी : डॉ. द्विवेदी

**सागर, देशबन्धु।** इस देश में बहुतेरे लोग यही चाहते हैं कि गुरु चमत्कारिक ढंग से उनकी सारी आपदाओं, संकटों का निवारण कर निष्कंटक उनको गंतव्य तक पहुंचा दें ताकि उन्हें सभी दायित्वों और संघर्षों से मुक्ति मिल जाये। जबकि यह असंभव सी बात है। सच्चाई यह है कि इस मृत्युलोक में सभी को अपने हिस्से के वनवास, संघर्ष, विफलतायें, अपमान, तिरस्कार स्वयं ही तो उठाने होते हैं। यदि गुरु सच्चा और अच्छा है तो वह आपके पथ को तनिक सुगम करने का मंत्र अवश्य बता सकता है। यह बात इंक मीडिया के निदेशक डॉ. आशीष द्विवेदी ने कही। वे पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में मुख्य वक्ता के तौर पर उद्गार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने भगवान बुद्ध और उनके प्रिय शिष्य आनंद का उल्लेख करते हुये कहा कि सच्चा गुरु वही है जो अपने शिष्य को एक समय बाद मुक्त कर अप्प दीपो भव की ओर ले जाये, उसे अपना दीपक स्वयं बनने दें। बंधन मुक्त



कर दे। परमहंस और जगतगुरु शब्द की व्याख्या करते हुये कहा कि जिसमें नीर क्षीर विवेक करने की दृष्टि विकसित हो जिन्होंने ज्ञान और आत्म साक्षात्कार की सर्वोच्च अवस्था प्राप्त कर ली है वही परमहंस कहलाने का अधिकारी है। जगतगुरु वह होता है जिसे इस संपूर्ण जगत से स्वीकृति मिल गई हो। यह अलंकरण उन आध्यात्मिक गुरुओं को दी जाती है जिन्होंने अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से संपूर्ण संसार को दिशा दिखाई हो। कालांतर में इन दोनों ही विशेषणों की प्रतिष्ठा को आघात लगा है। स्वयंभू गुरु अपने साथ इन उपाधियों को जोड़ संसार को भ्रमित कर रहे हैं। पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी योगाचार्य भगत सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा यह संदेश देता है कि हम स्वयं को प्रकाशित कर सकें। प्रकृति से बड़ा गुरू भला कौन हो सकता है। जल, वायु, पृथ्वी, वृक्ष, नदी, पर्वत सभी हमारे लिये प्रेरणा देते हैं। भारत स्वाभिमान के जिला सह प्रभारी इंजी. एसआर सिंह और वरिष्ठ योग शिक्षक एस वाजपेई ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर योग शिक्षकों का माल्यार्पण और श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर दामोदर प्रजापति, महेश पॉल, मनोज जैन, नीरज कुमार सोनी, कैलाश पौराणिक, रामसेवक पटेल, सुरेश रैकवार, शैलेंद्र साहू, रेखा साहू, डॉ. संध्या गौतम, शालिनी गुप्ता सहित अनेक योग शिक्षक साधक भाई बहिन उपस्थित थे।

## आपातकालीन द्वार के सामने लगी सीट हटवाकर यात्री बस जप्त की




**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि प्रवर्तन अमले के साथ भोपाल रोड, दमोह रोड एवं बीना रोड पर 24 वाहनों को चैक किया, जिनमें से 1 बस में आपातकालीन द्वार के सामने सीट लगी पाई जाने पर उन्हें मौके पर निकलवाकर जप्तकर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया ताकि वाहनस्वामी पुन: इन सीटो को इमरजेंसी गेट के सामने न लगा सके। कुल 9 वाहनों में कमियां पाये जाने पर उन वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही करते हुये 9,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों अनिवार्य रूप से साथ में रखे तथा यात्री वाहनों में आपातकालीन द्वार पर लगी सीटों को हटवाये, यदि चैकिंग के दौरान आपातकालीन द्वार पर सीट लगी पाई जाती है, तो विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।

## कोषालय अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** संभाग के कोषालय अधिकारियों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा सागर हेमलता पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समग्र आईडी लिंकिंग, डीपीएफ शेष अद्यतन तथा शासकीय कर्मचारियों की पेंशन एवं सेवाहित लाभों से संबंधित नामांकन की प्रगति की समीक्षा की गई। संयुक्त संचालक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यों की गति में तेजी लायें और सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कार्यालयीन प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा पेंशनरों और कर्मचारियों के हित में कार्यप्रणाली को और अधिक संवेदनशील एवं उत्तरदायित्वपूर्ण बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में शशिकांत पौराणिक, अभिषेक हजारी, विनोद श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, श्रेणिक बड़कुल, आशीष जैन, अनिल पांडे वरिष्ठ सिस्टम प्रबंधक शामिल हुये। संयुक्त संचालक द्वारा समन्वय एवं अनुशासन के साथ कार्य करने की अपेक्षा दोहराई।

## कन्या महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**बीना, देशबन्धु।** शास. कन्या महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोनाली जितेंद्र राय ने कहा कि हम सभी को माता पिता शिक्षक एवं हमारे बड़े जनों ने मार्गदर्शन देकर समाज का एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बनाया हैं इसलिये हमें सभी का सम्मान करते हुये अपना योगदान देते हुये गुरु शिष्य की परंपरा को आगे बढ़ाना है। प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने गुरु त्याग की मूर्ति है। गुरु के बिना हमारा जीवन अपूर्ण है हमें गुरु के बतायें मार्ग पर चलकर अपना जीवन सार्थक बनाना है। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. उमा लवानिया ने कहा एक शिक्षक उसके पास जो जानकारी होती है उसे वह अपने शिष्य को दे देता है लेकिन गुरु अपने आप को ही शिष्य को सौंप देता है। मुख्य वक्ता डॉ. सुधीर तिवारी ने गुरु की तुलना नारियल से करते हुये कहा कि जैसे नारियल ऊपर से सख्त एवं अंदर से नरम होता है वैसे ही गुरु का आंतरिक व्यक्तित्व उदार होता है। संचालन करते हुये डॉ. दीपमाला सिंह ने गुरु को कुम्हार के समान बताया एवं कहा की जिस तरह कुमार मिट्टी के ढेर से सुंदर आकृति बना देता है वैसे ही गुरु एक साधारण व्यक्ति को असाधारण बना देता है। छात्राओं के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि जैन, प्रकाश चंद, निलेश शर्मा, डॉ. दिनेश राय, डॉ. हरिशंकर सेन, डॉ. विशाल मिश्रा सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## जुआ खेलते हुए 21 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बीना, देशबन्धु।** गांधी वार्ड स्थित अपना नगर कॉलोनी में पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही की। मंदिर के सामने खुले मैदान में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारा गया। पुलिस ने मौके से 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 46 हजार रुपये नगद, 20 मोबाइल फोन और कुछ बाइकें जब्त की गईं। पुलिस ने राजा वाल्मीकि, सुजल सिसोदिया, छोटू पाल, सुशील अहिरवार और शाहरुख खान समेत सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। सभी आरोपियों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी को जेल भेजने का आदेश दिया। कार्यवाही में सब इंस्पेक्टर रूप किशोर जोरम और निशांत भगत की टीम ने भाग लिया। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिलने के बाद यह कार्यवाही की गई। यह जुआ अड्डा लंबे समय से इलाके में चल रहा था।

## सार समाचार

### धौंसा मंदिर धाम में धूमधाम से मनाया गुरुपूर्णिमा महोत्सव

**हरपालपुर, देशबन्धु।** जिले से सटे उत्तर प्रदेश के जैतपुर ब्लाक में स्थित प्राचीन गोपाल धौंसा मंदिर धाम के महंत हरिदास महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया है। आयोजन की व्यवस्था मथुरा के महंत श्यामाशरण महाराज की देखरेख में की गई थी। सुबह 10 बजे से श्री गोपाल जी का फूलों से अभिषेक करके हवन पूजन व आरती के बाद भंडारे का भोग लगाया गया। यहां बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने गुरुओं के चरण पूजन करके उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान भजन कीर्तन और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश से एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, जितेंद्र सिंह सेंगर, संदीप राजपूत ब्लॉक प्रमुख, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भागीरथ सिंह, चेयरमेन कुलपहाड़ वैभव अज़रिया, जिला उपाध्यक्ष डॉ कमलेश सक्सेना, हरिमोहन दुबे प्रधान, ब्रजमोहन दुबे और सुमित पाठक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सम्मेलन में दी गई मछुआ कल्याण योजनाओं की जानकारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय छुआ दिवस के अवसर पर नौगांव में मत्स्य उपसंचालक कार्यलय के सभाकक्ष में मछुआ कल्याण प्रकोष्ठ का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक मन्नूलाल रैकवार थे। अध्यक्षता प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी बीएल अहिरवार ने की। विशिष्ट अतिथि नितिन वर्मा सहायक संचालक, डीआर पटेल सहायक मत्स्य निरीक्षक, समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी रहे। मुख्य अतिथि मन्नूलाल रैकवार ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन मछुआ सहकारी समितियों को मछुआ कल्याण समिति की ओर से आत्मनिर्भर बनाने तथा व्यापार में प्रगति के लिए विभिन्न योजनाएं और ऋण सुविधा उपलब्ध करा रही है। मत्स्य विभाग ने मछली पालन, मछली की बी क्वालिटी के संरक्षण, उनके व्यापार में विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन संजय साहू ने किया। इस मौके पर एक पेड़ मां के क्रम में कई पौधे भी रोप गए।

### कीटनाशक पीने से विवाहिता की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र के बमनी घाट में गुरुवार शाम 33 वर्षीय सुशीला यादव पत्नी ब्रजेश यादव की अपने घर में कीटनाशक पीने से मौत हो गई है। मृतका के भाई सुनील यादव ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन को उसके पति ब्रजेश, बहन रामसखी, सास प्यारी बाई और ससुर चाली यादव ने पकड़कर जबरन दवा खिलाई है। सुनील ने यह भी आरोप लगाया कि उसके बहनोई ब्रजेश का किसी अन्य महिला से संबंध था, इसे लेकर बहन और बहनोई में विवाद होता रहता था। गुलगंज थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सौंप दिया गया है। मर्ग कायम करके मामले की जांच की जा रही है।

### पिकअप वाहन में भरकर भैंसें ले जा रहे दो आरोपी पकड़े

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से गुरुवार की रात करीब 8 बजे एक पिकअप लोडर वाहन क्रमांक यूपी 77 ए टी 9120 से पशुओं की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा गया है। वाहन से 8 भैंसे बरामद की गई हैं। थाना प्रभारी सुनीता बिदुआ ने बताया पिकअप वाहन चालक के पास वाहन और पशुओं से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं थे। आरोपी शाहबाज और नूर आलम निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश को पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर इन्हें गिफ्तार कर लिया गया है। बरामद की गई आठों भैंसों को जिन्हें कटने के लिए दमोह से महोबा मंडी के बूचड़खाने ले जाया जा रहा था, अब गौशाला भेज दिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान विहिप व बजरंग दल से आकाश राजपूत, सूरज खटीक और रोहित कुशवाहा मुख्य रुप से मौजूद रहे।

### उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने किया खजुराहो स्टेशन का निरीक्षण, दिए निर्देश

# सिंहपुर-डुमरा- खजुराहो रेल खंड और अन्य सुविधाओं का लिया जायजा





**छतरपुर, बमीठा, देशबन्धु।** गुरुवार को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान खजुराहो रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया साथ ही सिंहपुर-डुमरा, खजुराहो खंड के मध्य संपर्क फाटक संख्या 3 सीई का भी जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा भी उनके साथ रहे।

निरीक्षण के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री जोशी ने स्टेशन के पुनर्विकास के ले-आउट प्लान पर चर्चा की। स्टेशन पर विकसित की जा रहा यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। श्री जोशी ने पुनर्विकसित होने के बाद स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश और निकास द्वार, जलपान गृह, टिकट काउंटर, वेटिंग एरिया, यात्री सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से चर्चा करके उन्हें निर्देशित किया।

श्री जोशी ने यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने और कार्य के दौरान संरक्षा संबंधी मानकों का पालन करने पर जोर दिया। निर्माणाधीन नई इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। इस कार्य से जुड़े अधिकारियों से जानकारी लेकर कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ महाप्रबंधक ने सिंहपुर-डुमरा-खजुराहो रेल खंड के मध्य स्थित संपर्क फाटक संख्या 3 सीई का भी निरीक्षण करके पॉइंट टेस्टिंग की। संपर्क फाटक में उपस्थित गेटमैन से सवाल करके उसकी जानकारियों को परखा।

निरीक्षण के दौरान मुख्य परियोजना प्रबंधक गतिशक्ति पीके सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ग्रीश कंचन, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सामान्य अशोक प्रिय गौतम, उप मुख्य इंजीनियर निर्माण आकाश यादव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर आयुष श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर परिचालन शिवम् श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक परिचालन शिवम श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी और स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

### इंटरलॉकिंग वर्क की समीक्षा कर दिए निर्देश

महाप्रबंधक श्री जोशी ने पैनल इंटरलॉकिंग से इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग के कार्य की समीक्षा की। निर्माणाधीन नई इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग बिल्डिंग का निरीक्षण करके इस कार्य से जुड़े अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इंटरेक्शन की वर्किंग प्रणाली के बारे में जाना गया। इसके साथ ही रोड ट्रैफिक के लिए लगा हाइट गेज की स्टेबिलिटी तथा स्ट्रेंथ चेक की गई। पॉइंट मशीन की वर्किंग तथा ट्रैक की भी जांच की। खजुराहो-दरियागंज कोर्ड लाइन पर भी चर्चा की गई। रनिंग रुम का निरीक्षण करके यहां लोको पायलट के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। खाने की गुणवत्ता के साथ, स्टाफ को क्वालिटी रेस्ट और संरक्षा के मानकों का पालन करने के निर्देश दिए।

### 21 स्कूल बसों की चेकिंग करके बस का चालान किया



छतरपुर, देशबन्धु। कलेक्टर के निर्देश पर शुक्रवार को आरटीओ मधु सिंह ने अपनी टीम के साथ नौगांव में 14 और छतरपुर में 7 स्कूल बसों की चेकिंग करके परमिट सहित आवश्यक दस्तावेज चेक किए। इनमें से एक स्कूल बस में पूरे दस्तावेज नहीं पाए जाने पर चालान करके 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। आरटीओ द्वारा बताया गया कि यात्रियों एवं छात्रों को लेकर आनेजाने वाली सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी स्कूल वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होना चाहिए ताकि आपात स्थिति में सहायता तुरंत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा फिटनेस, परमिट, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र होना भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा है कि नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### बारिश से ढहा कच्चा मकान, मलबे में दबा सामान



**बकसवाहा, देशबन्धु।** लगातार हो रही बारिश से ग्राम पंचायत चाचीसेमरा के ग्राम भुजपुरा में एक कच्चा मकान ढह जाने से मलबे में घर का समान दब गया है। गनीमत ये रही कि घटना के समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी। भुजपुरा में महेंद्र लोधी का कच्चा मकान बारिश के कारण अचानक से ढह गया। उस समय महेंद्र मजदूरी करने गया था, उसकी पत्नी बच्चों के साथ खेत पर गई थी। मकान के मलबे में घरेलू व खाने पीने का समान दब गया। अब परिवार के सामने अब बारिश के मौसम में रहने और खाने पीने का संकट आ गया है। परिवार खुले आसमान के नीचे तिरपाल लगाकर उसके नीचे जीवनयापन को मजबूर है। पीड़ित परिवार ने तहसीलदार को आवेदन देकर सहायता की मांग की है।तहसीलदार भरत पांडे का कहना है मौके का मुआयना कराके पीड़ित परिवार को उचित सहायता राशि दिलाई जाएगी।

### किसानों को मिनीकिट व खरीफ बीजों का वितरण

**खजुराहो, देशबन्धु।** कृषि विभाग के अधिकारियों ने ग्राम पंचायत धवाड़, धमना, पथरगुवां, चंद्रनगर, पीरा, पिपट, खजवा और ललपुर में पहुंचकर किसानों को खरीफ फसलों की मिनीकिट और क्लस्टर प्रदर्शन कर खरीफ बीजों का वितरण किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पटेरिया ने किसानों से भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकारों द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। इस मौके पर राजनगर एसएडीओ बीके श्रीवास्तव, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमलेश पटेल, संजय मिश्रा धवाड़, जपं राजनगर की कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजगोपाल पटेल, फ़सल बीमा प्रतिनिधि दीपेंद्र सिंह राजपूत, आरएईओ सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

### शोध में गुणवत्ता, नवाचार और मौलिकता होना जरुरी है : डॉ तिवारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड यूनिवर्सिटी के वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र में शुक्रवार को एक व्याख्यानमाला आयोजित की गई।

मुख्य वक्ता शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय सागर के प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने शोध में गुणवत्ता विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा शोध में गुणवत्ता, नवाचार और मौलिकता होना जरुरी है। शोध कार्य ऐसा हो जो समाजोपयोगी और शिक्षा के क्षेत्र में सहायक हो। शोधार्थी को टेबल वर्क करने के साथ-साथ फील्ड में सर्वे भी प्रमुखता से करना चाहिए। इसके पूर्व अध्यक्षता कर रहीं कॉमर्स की डीन डॉ प्रभा अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ एसपी जैन ने मुख्य वक्ता डा तिवारी का परिचय दिया। इस अवसर पर डा बीके अग्रवाल, डा ओपी अरजरिया, डॉ अशोक निगम, डॉ नीतेश मिश्रा सहित अतिथि विद्वान तथा शोधार्थी मौजूद रहे।

### मनीष पर जानलेवा हमले का आरोपी विजय गिरफ्तार

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** 9 जुलाई को ग्राम मड़देवरा निवासी मनीष पुत्र सुदामा यादव 37 वर्ष पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी विजय यादव को वारदात के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया मनीष यादव जब मड़देवरा में राजा ठाकुर की दुकान पर बैठा था तभी विजय यादव ने वहां आकर उससे विवाद करते हुए पहले उस पर कट्टे से फायर किया, फिर छुरा से जानलेवा हमला करके उसे घायल कर दिया था। घायल मनीष को नजदीकी अस्पताल शाहगढ़ से प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर कर दिया गया। एसपी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी विजय पुत्र नारायण यादव को मड़देवरा में कमलेश ढाबा के पीछे जंगल से दबोच लिया। आरोपी के पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस का एक खाली खोखा, 315 बोर के दो जिंदा कारतूस और एक बटनदार छुरा जब्त किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**छतरपुर, देशबन्धु।** सावन का महीना शुरू होते ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। शुक्रवार को शहर के संकटमोचन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन किया।


प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
UIN:IRDAN126RP0001V01201617
www.pmfby.gov.in
खरीफ-2025
फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ
भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से
एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित
खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें : धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, मक्का, बाजरा, अरहर/ तुअर, ज्वार, कोदो-कुटकी, मूंगफली, तिल, कपास, मूंग एवं उडद



वित्तीय संस्थाओं व कृषकों के लिए मुख्य बिन्दु :
° सभी कृषकों का बीमा कवरेज भारत सरकार के पोर्टल **pmfby.gov.in** द्वारा ही स्वीकृत होगी |
° प्रीमियम राशि केवल **NCIP-Portal** के भुगतान गेटवे **Pay-Gov.** द्वारा ही भेजी जाए |
° सभी कृषकों का आधार नंबर होना अनिवार्य है |
किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 2%
बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31/07/2025



आवश्यक प्रपत्र :
आधार कार्ड
बैंक पासबुक की छायाप्रति
भूमि संबंधित दस्तावेज (खतौनी)
व्हॉटस्अप पर हमसे जुड़े
पीएमएफ़बीवाई चैट बॉट 7065514447
बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :
बैंक की किसी निकटस्थ शाखा/सहकारी समिति (जहां उनका बचत खाता है)
ग्राहक सेवा केन्द्र/ कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
ए.आई.सी. के प्रतिनिधि/कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज
HO/24-25/1A/08
AIC
एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालयः जीवन शिखा, केंद्रीय आंचलिक कार्यालय, 60-बी, प्रथम तल, उत्तर विंग, होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462011 फोन : 0755-2700100 ई-मेलः ro.bhopal@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालयः प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएनः U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd
कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥
विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)


### प्रशासन के दावों के बावजूद कई गांव विकास से अछूते

# ग्राम पठादा में सड़क दलदल में तब्दील, हिरदेपुर में रास्ता बना परेशानी का सबब





***छतरपुर, देशबन्धु।*** *प्रशासन भले ही गांवों के समुचित विकास के दावे करे मगर सच्चाई ये है कि गई गांव आज भी विकास से अछूते हैं। इन दिनों हो रही भारी बारिश ने कच्चे रास्तों के दलदल में तब्दील हो जाने से सरकारी दावों की पोल खोलकर रख दी है। ग्राम पठादा में सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, वहीं ग्राम हिरदेपुर में खस्ताहाल फिसलन भरा रास्ता ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।*

*ग्राम पंचायत पठादा में बारिश के कारण गांव की कच्ची सड़क दलदल में तबदील हो गई है। जिससे निकलने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्राम पठादा के कई रास्तों पर शुरुआती बारिश के बाद से कीचड़ जमा हो गया, जो अब दलदल में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों को इसी दलदल से अपने वाहन निकालना पड़ रहे हैं। कई बार यहां से निकलने के दौरान लोग गिरकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। दलदली रास्ते से पैदल निकलते समय लोग घुटनों तक कीचड़ में सन जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है यह हालात लंबे समय से बने हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सरपंच और सचिव को समस्या से अवगत कराने के बावजूद समस्या को नजरंदाज किया जा रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में उनके प्रति आक्रोश पनप रहा है। सरपंच गंगाराम अहिरवार का कहना है कि लगातार भारी बारिश के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है, बारिश बंद होने के बाद सड़क की सफाई कराई जाएगी। सचिव अर्जुन सिंह का कहना है कई बार मार्गों की सफाई करा चुके हैं, लेकिन लोग सड़क पर ही कचरा फेकते हैं। जो बारिश होने पर कीचड़ बन जाता है। हम पुन: सड़क की सफाई कराएंगे।*

### हिरदेपुर गांव में सड़क के लिए तरस रहे ग्रामीण

जिले की बक्सवाहा जनपद पंचायत के हिरदेपुर गांव बुनियादी सुविधाओं से उपेक्षित है। यह आदिवासी बाहुल्य गांव हीरा भंडारण क्षेत्र में आता हैए फिर भी सड़कए बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को नसीब नहीं हो रही हैं। छतरपुर से करीब 100 किमी दूर स्थित हिरदेपुर गांव की आबादी 213 है, जिसमें 102 महिलाएं और 111 पुरुष हैं। गांव के छोटू बरेला ने बताया मरीजों को खटिया या ट्रैक्टर पर लिटाकर गांव से अस्पताल ले जाना पड़ता है। बारिश में कीचड़ भरे रास्तों से बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, अक्सर गिर जाने से उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। ग्रामीण राजेश वरेला ने बताया हिरदेपुर, हरदुआ और डुगासरा पठा जैसे आदिवासी गांव वर्षों से सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। विधायक, सांसद और कलेक्टर से कई बार शिकायत की, लेकिन आश्वासन ही मिले। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों की जिंदगी आसान हो सके।

# अभिमत

**शहरों व कस्बों की नदियों के आसपास अतिक्रमण हो रहा है, उस पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जब से जमीनों के दाम बढ़े हैं तब से यह सिलसिला बढ़ रहा है। इसी प्रकार वेटलैंड (जलभूमि) की जमीन पर भी कम हो गई है। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। पक्षी व जल जीवों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है।**

## बाढ़ क्यों स्थायी समस्या बन गई है?

नवाचार

■ बाबा मायाराम

इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। नदी-नाले, ताल—तलैया सभी उफान पर हैं। चारों तरफ पानी ही पानी है। नदियों में बाढ़ से नुकसान की खबरें आ रही हैं। लेकिन यह हर साल की समस्या है, बाढ़ अब मौसमी नहीं, स्थायी समस्या बन गई है, बल्कि लगातार बढ़ रही है। हर साल वही कहानी दोहराई जाती है। आज इस कॉलम में इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे बाढ़ की समस्या को समझा जा सके।

नदियों में पहले भी बाढ़ आती थी। बारिश पूरे चार महीने होती थी। झड़ी लगी रहती थी। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल होता था। अब बारिश के दिन कम हो गए हैं। कुछ ही समय में बारिश ज्यादा हो जाती है। पहले जब बाढ़ आती थी, तब वह इतने व्यापक पर कहर नहीं ढाती थी। इसके लिए गांव वाले तैयार रहते थे। बल्कि इसका उन्हें इंतजार रहता था।

खेतों को बाढ़ के साथ आई नई मिट्टी लाती थी, भरपूर पानी लाती थी जिससे प्यासे खेत तर हो जाते थे। पीने के लिए पानी मिल जाता था, भूजल ऊपर आ जाता था, नदी नाले, ताल-तलैया भर जाते थे। समृद्धि आती थी। बाढ़ आती थी, मेहमान की तरह जल्दी ही चली जाती थी।

लेकिन अब वनों की और पेड़ों की कटाई हो गई है। भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समोने वाले जंगल कम हो गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिए काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं। स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। लेकिन पेड़ नहीं रहेंगे तो बहुत गति से पानी नदियों में आएगा और बरबादी करेगा। और यही हो रहा है।

पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे- लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगह किसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।

**पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे-नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगह किसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।**

बढ़ता शहरीकरण और कांक्रीट से कांक्रीट निर्माण भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। बहुमंजिला इमारतें, सड़कों राजमार्गों का जाल बन गया है। नदियों का प्राकृतिक प्रवाह अवरूद्ध हो गए हैं। जहां पानी निकलने का रास्ता नहीं रहता है, वहां दलदलीकरण की समस्या हो जाती है। इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि कई बीमारियां भी फैलती हैं। जो तटबंध बने हैं, वे टूट-फूट जाते हैं जिससे लोगों को बाढ़ से बाहर निकलने का समय भी नहीं मिलता। इससे जान-माल की हानि होती रहती है।

शहरों व कस्बों की नदियों के आसपास अतिक्रमण हो रहा है, उस पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जब से जमीनों के दाम बढ़े हैं तब से यह सिलसिला बढ़ रहा है। इसी प्रकार वेटलैंड (जलभूमि) की जमीन पर भी कम हो गई है। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। पक्षी व जल जीवों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।

शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है। सब जगह पक्के कांक्रीट के मकान और सड़कें हैं। जैसे कुछ बरस पहले मुंबई की बाढ़ का किस्सा सामने आया था। वहां की नदी ही गायब हो गई, और जब पानी आया तो शहर जलमग्न हो गया। ऐसी हालत ज्यादातर शहरों की हो जाती है। शहरों की नदियां या तो गटर में तब्दील हो गई हैं, या फिर गायब ही हो गई हैं। शहर अपनी सारी गंदगी इन्हीं नदियों में डाल देता है।

लेकिन बाढ़ के कारण और भी हैं। जैसे नदियों में रेत कम होना। रेत भी पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखती है। अगर रेत ही नहीं रहेगी तो पानी कहां रहेगा। इसके अलावा नदियों के किनारे तट लंबे-चौड़े होते थे, जिससे पानी फैल जाता था। उसके आसपास नालों में पानी चला जाता था, जिससे पानी का वेग कम हो जाता था। पानी को ठहरने की जगह मिल जाती थी और नदियों का प्रवाह कम होने से बाढ़ से नुकसान भी कम होता था।

कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती हैं। नदियां बांध दी जाती हैं। निचले हिस्से में लोग समझते हैं, नदी ही नहीं तो वे उसकी जमीन पर खेती करने लगते हैं या कोई और उपयोग, तो जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इससे बाढ़ से बरबादी होती है।

इसके अलावा, कई बार बांधों से पानी छोड़ने के कारण भी बाढ़ की समस्या बढ़ जाती है। क्योंकि एकदम से पानी छोड़ने से नदियां उफान पर आ जाती हैं, और बाढ़ आ जाती है। जिन बांधों को कभी बाढ़ नियंत्रण का समाधान बताया जाता था, अब उनके कारण ही कई बार बाढ़ आ जाती है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं।

मौसम बदलाव भी एक कारण है। पहले सावन भादो के महीने में लम्बे समय तक झड़ी लगी रहती थी। कभी-कभी हफ्ते भर बारिश होती थी। सूर्य के दर्शन भी नहीं होते थे। लोग घरों से निकल नहीं पाते थे। घरों में ही रहकर रस्सी बनाने जैसे छोटे-मोटे काम करते थे।

इस तरह, लगातार बारिश का पानी फसलों के लिए और भूजल पुर्नभरण के लिए बहुत उपयोगी होता था। फसलें भी अच्छी होती थी और धरती का पेट भी भरता था। पर अब अब बड़ी-बड़ी बूंदों वाला पानी बरसता है, जिससे कुछ ही समय में बाढ़ आ जाती है। वर्षा के दिन भी कम हो गए हैं।

पहाड़ी नदियों में बाढ़ थोड़ी ही बारिश से आ जाती है। क्योंकि ऊपर पहाड़ यानी चट्टानें होती हैं, जिनमें पानी सरपट दौड़ता है। उसे रूकने व ठहरने का कोई स्थान नहीं मिलता। इससे कई बार जो मछुआरे समुदाय तरबूज-खरबूज की खेती करते हैं। उनकी वह फसल पानी में बह जाती है। इससे उन्हें बहुत नुकसान होता है।

मछुआरों का यह नुकसान इसलिए भी बड़ा होता है, क्योंकि यह मछुआरे समुदाय ज्यादातर भूमिहीन होते हैं, और इस फसल पर उनकी निर्भरता ज्यादा होती है। अगर बाढ़ में यह फसल बह जाती है, तो उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

कुल मिलाकर, पानी के परंपरागत ढांचों की भी भारी उपेक्षा हुई है। ताल, तलैया, तालाब, कुएं खेतों में मेड़ बंधान आदि से भी पानी रूकता है। लेकिन इन सबकी उपेक्षा हो रही है। आज कल इन पर ध्यान न देकर भूजल के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमारी बरसों पुरानी परंपराओं में ही आज की बाढ़ जैसी समस्या के समाधान के सूत्र छिपे हैं। अगर ऐसे समन्वित विकल्पों पर काम किया जाए तो न केवल बाढ़ जैसी बड़ी समस्या से निजात पा सकते हैं। बल्कि पर्यावरण और जैव-विविधता और बारिश के पानी का संरक्षण कर सकेंगे। नदियों को भी बचा सकते हैं, और धरती का पुनर्भरण भी कर सकते हैं। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

### बीता सप्ताह

**5 जुलाई**
- उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों ने लड़ी जंग।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका खारिज की कि मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं है।
- सब लेफ्टिनेंट आस्था पुनिया बनी नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट।
- रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दी।

**6 जुलाई**
- पर्यटन, कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ेगी उप्र-जापान की साझेदारी।
- टेक्साल में बाढ़ से 13 लोगों की जान गई। 20 से अधिक बच्चे हुए लापता।
- राजनीति के इतिहास में 20 साल बाद साथ आए दोनों भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे।
- भगोड़े हीरा व्यापारी पीएनबी बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी के भाई मेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया।

**7 जुलाई**
- पीएम नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे।
- एलन मस्क ने अमेरिका में अमेरिका पार्टी नाम से बनाया नया दल।
- पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा सरकारी बंगला अभी तक खाली नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र को नोटिस दिया।
- विश्व मुक्केबाजी कम युवा साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक।

**8 जुलाई**
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने जस्टिस वर्मा केस मामले में कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा पर नोटों बंडल निकलने को लेकर तुरंत एफआईआर की जरूरत है।
- पीएम मोदी ने ब्रिक्स समूह को नया आयाम देते हुए कहा कि ब्रिक्स देश घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे।
- छग में आईएएस यशवंत कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाए गए।
- छग में कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार जल, जंगल, जमीन सब अडानी को सौंप रहीं है।

**9 जुलाई**
- इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया।
- पीएम मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे।
- स्विटजरलैंड में बच्चों के लिए मलेरिया की नई दवा कोर्टेम बेबी को दी गई मंजूरी।
- 20 सालों में बच्चों पर सबसे बड़ा अध्ययन में पता चला कि अमेरिका में बच्चों की सेहत सबसे ज्यादा बिगड़ रही।

**10 जुलाई**
- पीएम नरेंद्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक का सम्मान 'आर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट बेल्विशिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया।
- वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना ग्रस्त हो गया। दोनों पायलट की मौत।
- इसरो ने गगनयान मिशन के इंजन का सफल हॉट टेस्ट किया।
- राहुल गांधी ने पटना में कहा कि सरकार बिहार में वोट चुराने की कोशिश कर रही है।

**11 जुलाई**
- बिहार में वोटर वेरिफिकेशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार। और,ुझाव दिया कि आधार, राशन कार्ड को ोाी पहचान पत्र माना जाए।
- छग सरकार ने कलेक्टरों को दिया तीन माह के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम का अधिकार।
- पांच देशों की यात्रा के बाद पीएम मोदी आज स्वदेश लौट आ गए।
- गुजरात का महिसागर पुल ढह जाने से 17 लोगों की जान गई।

## मज़दूरों की अखिल भारतीय हड़ताल की बड़ी सफलता एक चेतावनी

■ पी. सुधीर

9 जुलाई को ऐतिहासिक हड़ताल में करोड़ों मेहनतकश लोग सड़कों पर उतर आये। पहले से तय इस हड़ताल को पहलगाम में निर्दोष नागरिक पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के बाद लगभग डेढ़ महीने के लिए स्थगित करना पड़ा था। फिर भी, लोगों पर थोपी गयी मज़दूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ़ प्रतिरोध की भावना अडिग रही।

मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तब और बल मिला जब सरकार ने तीन प्रमुख श्रम संहिताओं- औद्योगिक संबंध (आईआर) संहिता; व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां (ओएसएच) संहिता; और सामाजिक सुरक्षा संहिता – को पारित किया। वेतन संहिता, 2019 के साथ, ये चार संहिताएं-44 मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित और प्रतिस्थापित करती हैं। ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं- वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा एवं कल्याण- से संबंधित हैं। संक्षेप में, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ के एजंडे को आगे बढ़ाने के लिए श्रमिक वर्ग के कठिन परिश्रम से प्राप्त अधिकारों को व्यवस्थित रूप से समाप्त किया जा रहा है।

**मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्टचेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है: कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ - जो इसे आगे ले जायेगी।**

9 जुलाई की हड़ताल का उद्देश्य इस हमले का प्रतिरोध करना था। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस हड़ताल को न केवल देश भर के सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों और औद्योगिक महासंघों का समर्थन प्राप्त था, बल्कि सभी प्रकार के श्रमिकों का भी समर्थन प्राप्त था। निर्माण क्षेत्र जैसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से लेकर वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारियों, गिग श्रमिकों और प्रवासी श्रमिकों तक – सभी ने एक स्वर में अपनी आवाज़ उठायी।

किसानों के सबसे व्यापक मंच- संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का सक्रिय समर्थन और भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग का समर्थन करने के साथ-साथ, किसान संगठनों ने गहराते कृषि संकट को उजागर किया और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की लंबे समय से लंबित मांग को उठाया। कृषि श्रमिक संघों ने ग्रामीण रोज़गार और मनरेगा योजना के लगातार क्षरण पर गंभीर चिंताएं जतायीं।

मज़दूरों, किसानों और खेतिहर मज़दूरों का यह एकजुट होना एक ऐतिहासिक क्षण है – शायद पहली बार इतनी व्यापक एकता उभरी है। यह आजीविका के व्यापक और गहराते संकट को दर्शाता है जिसका सामना देश के अधिकांश मेहनतकश लोग अब कर रहे हैं।

एक तरह से, यह अब केवल आजीविका का संकट नहीं रहा, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई बन गयी है। 9 जुलाई की कार्रवाई की तीव्रता प्रस्तावित श्रम संहिताओं द्वारा उत्पन्न व्यापक खतरे से उपजी थी, जो लगभग सभी नियामक ढांचों को ध्वस्त करके और मज़दूरों के लिए बची-खुची कानूनी सुरक्षा को भी छीनकर कॉर्पोरेट्स को पूरी तरह से खुली छूट देने का संकेत देती हैं। यह बेहद विडंबनापूर्ण है कि सरकार ने इन संहिताओं को मज़दूर-समर्थक पहल के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश की है।

सत्ता प्रतिष्ठान की बहादुरी के बावजूद, यह बात तेज़ी से साफ़ होती जा रही है कि सरकार अपने इस पाखंड के बढ़ते सार्वजनिक प्रदर्शन से वाकिफ़ है। काम की स्थितियां इतनी ज़्यादा और इतनी बुरी तरह बिगड़ चुकी हैं कि अब उन्हें नकारा नहीं जा सकता। मेहनतकश जनता की बदतर होती स्थिति के दो प्रमुख कारण हैं- बढ़ती बेरोज़गारी और असमानता में तेज़ वृद्धि।

यहां तक कि 31 जनवरी, 2025 को संसद में पेश किये गये आर्थिक सर्वेक्षण 2024 को भी इस सच्चाई को स्वीकार करना पड़ा। इसमें कहा गया है कि सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में श्रम की हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन कॉर्पोरेट मुनाफ़े में असमान रूप से वृद्धि हुई है – खासकर बड़ी कंपनियों में – जो आय असमानता की बढ़ती खाई को रेखांकित करता है।

सरकार ने जहां मज़दूरों और अन्य मेहनतकश तबकों के अधिकारों पर व्यापक हमला किया, वहीं दूसरी ओर उसने कॉर्पोरेट्स को 1.45 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व तोहफ़ा भी दिया, जो शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कुल बजट आवंटन से भी ज़्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) में भयावह सामाजिक स्थितियां स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती हैं, और कुछ अर्थशास्त्रियों ने तो यहां तक कहा है कि आज भारत में असमानता ब्रिटिश शासन के दौरान देखी गयी असमानता से भी अधिक है।

इसके विपरीत, कॉर्पोरेट अभिजात वर्ग की संपत्ति में नाटकीय वृद्धि देखी गयी है। 2014 में 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले अरबपतियों की संख्या 100 थी; अब यह आंकड़ा दोगुना होकर 200 हो गया है। शीर्ष 100 अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (10 खरब रुपये से अधिक) को पार कर गयी है। धन का यह अत्यधिक संचय, बहुसंख्यक कामकाजी लोगों की वास्तविक आय में भारी गिरावट के साथ-साथ चला है। यह गहरा अन्याय है, जो हर सांस और पसीने की बूंद में महसूस किया जाता है, जिसकी अभिव्यक्ति 9 जुलाई को हुए जन आंदोलन में हुई।

श्रम संहिताएं अनिवार्य रूप से 'श्रम बाजार लचीलेपन' की बहुप्रचारित अवधारणा को संस्थागत रूप देने का काम करती हैं- एक अवधारणा जो पहली बार भाजपा के 2009 के चुनाव घोषणापत्र में सामने आयी थी। हकीकत में, यह क्रूर जब मन हो 'नौकरी दो और निकाल दो' व्यवस्था के लिए एक व्यंजना से अधिक कुछ नहीं है, जो वर्तमान में न्यूनतम सुरक्षा को भी समाप्त करने में सक्षम है।


श्रम के व्यापक ठेकाकरण के कारण, केवल लगभग 4 प्रतिशत कार्यबल ही आउटसोर्सिंग के दायरे और शोषणकारी 'स्वेटशॉप' वातावरण से बाहर रह गया है। श्रम संहिताओं का ज़ोर कार्यबल के इस छोटे से हिस्से के भी ट्रेड यूनियन अधिकारों को और कमज़ोर करने पर है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान के अनुरूप है, जिसकी विशिष्ट विशेषता ट्रेड यूनियनों और उनके सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों का विघटन रही है।

सरकार के दावे इतने हास्यास्पद हो गये हैं कि अब वह भारत को दुनिया की चौथी सबसे समान अर्थव्यवस्था घोषित करने के लिए संदिग्ध शोध का हवाला दे रही है, जो एक स्पष्ट रूप से बेतुका दावा है। ऐसा करते हुए, वह आय के आंकड़ों की जगह व्यय के आंकड़ों को पेश कर रही है, जो जितना विचित्र है उतना ही बेईमान भी है।

9 जुलाई को मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है- कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ – जो इसे आगे ले जायेगी।

## महाराष्ट्र : एक बार फिर से दहाड़ रहा है बाघ

बालासाहेब केशव ठाकरे द्वारा 1966 में शिवसेना की स्थापना के बाद से लगभग छह दशकों तक उनकी पार्टी एक ऐसे राज्य में राजनीति की केंद्र रही है जो पारम्परिक रूप से कांग्रेस शासित था। पश्चिमी महाराष्ट्र के शक्कर क्षत्रपों का राज्य पर नियंत्रण था। दहाड़ता बाघ शिवसेना का पर्याय बन गया था। शिवसेना जल्द ही 'मराठी मानुष' के लिए नौकरियों की तलाश करने वाले एक सामाजिक संगठन से हिंदू हितों की हिमायत करने वाली राजनीतिक पार्टी में बदल गई। एक क्षेत्रीय संगठन से साम्प्रदायिक संगठन में बदलाव, सड़क से राज्य स्तर की पार्टी बनने की प्रक्रिया इसके संस्थापक की लोकप्रियता के आसपास घूम रही थी। शिवसेना को 1989 में धनुष-बाण चुनाव चिह्न प्रदान किया गया और शिवसेना पूरे राज्य और महाराष्ट्र से बाहर भी पहचानी जाने लगी लेकिन जैसे-जैसे वह विभाजित और बंटती चली गयी, उसका दबदबा लगातार घटता गया। चुनाव आयोग ने फरवरी, 2023 में शिवसेना के एक गुट को पार्टी का चुनाव चिन्ह प्रदान किया और बाघ की दहाड़ कम हो गयी। अलग होने के दो दशक बाद अब बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे और भतीजे राज ठाकरे फिर से मिल गए हैं। 2005 के बाद से 5 जुलाई 2025 को वर्ली में आयोजित एक संयुक्त रैली उनका पहला साझा मंच था। 'आवाज मराठीचा' या 'मराठी की आवाज' रैली का आयोजन प्राथमिक स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य बनाने के महाराष्ट्र सरकार के प्रस्ताव के विरोध में किया गया था।



लेखा रत्तनानी

**चचेरे भाइयों के एक साथ आने के कई फायदे हैं लेकिन यह देखने की आवश्यकता होगी कि मराठी का हालिया मुद्दा उन्हें किस मोड़ पर ले जाएगा। वर्षों से राज्य में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलने वाले गैर-महाराष्ट्रियों को आतंकित करने और धमकी देने के कई मामलों में मनसे कार्यकर्ता शामिल रहे हैं। भाषा पर गर्व होने से निकाय चुनावों के लिए अभियान को गति देने में उन्हें मदद मिल सकती है।**

त्रिभाषा फॉर्मूले को हिंदी थोपने के रूप में देखा जाता है। इस फार्मूले का दक्षिणी राज्यों में विरोध हो रहा है। तमिलनाडु में हिंदी का सबसे कड़ा विरोध हो रहा है। वहां इसे राज्य की भाषाई पहचान को कमजोर करने और केंद्र सरकार के सांस्कृतिक प्रभुत्व के प्रयास को आगे बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जाता है। महाराष्ट्र में इसने ठाकरे बन्धुओं को उस जमीन को पुन: प्राप्त करने के लिए एक अवसर प्रदान किया जिसे वे लगातार खो रहे थे। अपनी प्रासंगिकता को पुन: प्राप्त करने के लिए उन्होंने अब मराठी पहचान के एक शक्तिशाली आख्यान को पुनर्जीवित किया है।

राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) लंबे समय तक सक्रिय रहने के बाद भी कुछ खास राजनीतिक प्रगति नहीं कर पाई है। 2024 के चुनावों में मनसे 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में एक भी सीट नहीं जीत पाई जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) केवल 20 सीटें ही जीत सकी। बाल ठाकरे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती शिवसेना में खतरे, भय और करिश्मे के मिश्रण ने कैडर और समर्थकों दोनों को कंट्रोल में रखा। राज ठाकरे ने हमेशा मसल पॉवर और गरज के साथ पार्टी का नेतृत्व किया। उन्होंने पार्टी की छात्र शाखा भारतीय विद्यार्थी सेना का गठन किया और बाद में 1990 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना उम्मीदवारों के लिए राज्य भर में प्रचार अभियान शुरू किया। उन्हें अपने चाचा के उत्तराधिकारी के रूप में देखा गया। शैली, ढंग और वाणी में वे बाल ठाकरे के करीब थे। जब विरासत की जिम्मेदारी बाल ठाकरे के बेटे और उनके चचेरे भाई उद्धव के पास गई तो वे वहां से हट गए।

भाजपा ने उद्धव के साथ साझा नेतृत्व का वादा किया था लेकिन यह वादा निभाया नहीं। नाराज उद्धव ने भाजपा पर विश्वासघात का आरोप लगाने के बाद 2019 में राज्य पर शासन करने के लिए कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ गठबंधन किया। भाजपा ने शिवसेना को तोड़कर राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना से अलग हुए एक धड़े के नेता एकनाथ शिंदे के साथ गठबंधन किया। इसके बाद वे एनसीपी को विभाजित करने के लिए आगे बढ़े। शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला एक अलग एनसीपी गुट अब भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति या महागठबंधन का हिस्सा है जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन है।

चचेरे भाईयों का मुख्य उद्देश्य भाजपा को चुनौती देना और फिर से जमीन हासिल करना है क्योंकि दोनों भाईयों की निकाय चुनावों पर नजर है। इनके लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण वृहद मुंबई नगर निगम के चुनाव हैं जो एशिया में सबसे अमीर नागरिक निकाय है और कई भारतीय राज्यों से इसका वार्षिक बजट बड़ा है। 2025-26 के लिए इसका बजट 74, 400 करोड़ रुपये से अधिक है। इस समय भाजपा 132 सीटों के साथ राज्य में मुख्य पार्टी है। आगामी निकाय चुनाव दिखाएंगे कि क्या भाजपा अपना यह रुतबा कायम रख सकती है। शिवसेना से अलग हुई पार्टी के प्रमुख एकनाथ शिंदे ठाकरे की राज्य विधानसभा में 52 सीटें हैं। शिंदे ही ठाकरे परिवार के पुनर्मिलन के नए घटनाक्रम के मद्देनजर सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले नेता हैं। खुद को बाल ठाकरे के असली उत्तराधिकारी के रूप में पेश करने वाले शिंदे की शिवसेना सुप्रीमो के बेटे और भतीजे के सामने कोई हैसियत नहीं रह जाएगी।

चचेरे भाइयों के एक साथ आने के कई फायदे हैं लेकिन यह देखने की आवश्यकता होगी कि मराठी का हालिया मुद्दा उन्हें किस मोड़ पर ले जाएगा। वर्षों से राज्य में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलने वाले गैर-महाराष्ट्रियों को आतंकित करने और धमकी देने के कई मामलों में मनसे कार्यकर्ता शामिल रहे हैं । भाषा पर गर्व होने से निकाय चुनावों के लिए अभियान को गति देने में उन्हें मदद मिल सकती है लेकिन यदि वे ताकत की राजनीति अपनाते हैं तो यह नीति गैर-मराठी मतदाताओं की पर्याप्त संख्या को अलग-थलग कर सकती है। मनसे कैडर ने अतीत में बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासियों पर हमले किये हैं एवं उन पर स्थानीय लोगों की नौकरियां छीनने का आरोप लगाया है।

नया गठबंधन महाराष्ट्र की राजनीतिक कहानी में एक मोड़ जोड़ रहा है लेकिन इस जोड़ी में अस्थिरता तथा मतभेद हैं जो दोनों के बीच दीर्घकालिक जुड़ाव के बारे में संदेह पैदा करते हैं। उद्धव ठाकरे अपनी सौम्य और शांत कार्यशैली के साथ विपक्ष में अपने नए सहयोगियों के साथ तालमेल बिठाने में अधिक सफल रहे हैं जबकि राज ठाकरे की दहाड़ जारी है और उनके कैडर ने मुंबई में प्रवासियों को अलग-थलग करने का जोखिम उठाया है। मुंबई में काम करने वालों में प्रवासियों का बड़ा हिस्सा है। अनुमान कम-ज्यादा हो सकते हैं लेकिन 2011 की जनगणना के अनुसार मुंबई की आबादी में प्रवासियों की संख्या 43 प्रतिशत से अधिक थी। इसमें उत्तर प्रदेश के प्रवासियों की संख्या लगभग 41 प्रतिशत थी।

पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद से महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दोनों के टूटने के साथ बहुत सारे राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे गए हैं। परिवर्तनों की तेज रफ्तार तथा बड़ी संख्या ने मतदाता को भ्रमित किया है कि कौन किसके साथ है? क्या ठाकरे गठबंधन इस अस्थिर परिदृश्य में कुछ बदलाव ला सकता है? यह इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वे कामकाज की दो अलग-अलग शैलियों में समन्वय बिठा सकते हैं।

कह नहीं सकते कि बाल ठाकरे के वर्षों के जादू को फिर से कायम करने में दोनों चचेरे भाई सक्षम होंगे या उसके कुछ करीब तक पहुंच सकते हैं अथवा नहीं।

*(लेखक द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)*

# प्रजनन स्वास्थ्य में युवाओं की भागिदारी में वृद्धि करके जनसंख्या नियंत्रण संभव




**सागर, देशबन्धु।** विश्व जनसंख्या दिवस पर फेमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रजनन स्वास्थ्य में युवाओं की भागीदारी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आगे लाना और युवाओं द्वारा प्रचार प्रसार के माध्यम से लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के बारे में उनके निर्णय को प्रभावित करते हुये अस्थाई साधनों के डिमांड एवं उपयोग में वृद्धि करना है। यह बात एफपीएआई के परियोजना प्रबंधक एनआर पात्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये कहा। बीएमसी से डॉ. किरण नागर ने कहा कि हमारी जनसंख्या पर नियंत्रण तभी संभव होगी जब हम अस्थाई साधन को उपयोग के लिये लोगों को प्रेरित करते हुये उपयोगिता का बढ़ायें नहीं तो संभव है कि कुछ ही वर्षों बाद हम चीन से आगे निकल जायें। उन्होंने युवा प्रतिभागियों से कहा की वे स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी अच्छी स्थिति बनायें ताकि लोग बात करते वक्त उनका उदाहरण दे सकें। फॉग्सी सचिव डॉ. निधि जैन ने कहा कि हमें आने वाले समय में स्वास्थ्य कि कमान संभालने वाले नौजवानों पर विश्वास एवं भरोसा है कि यह हर स्तर पर देश के स्वास्थ्य में सुधार के लिये अपना योगदान सुनिश्चित करने के साथ प्रजनन स्वास्थ्य में अपना विशेष योगदान देते हुए मातृ एवं शिशु मृत्युदर को नियंत्रित करेगे। आवश्यकता है ग्रामीण क्षेत्र में विवाह की सही उम्र, परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता एवं उपयोग तथा बच्चों में अन्तर रखने के बारे में परामर्श। फॉग्सी अध्यक्ष डॉ. ज्योति चौहान ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं की तथा उनके परिवार के सदस्यों को परामर्श देने की कला पर चर्चा की। उन्होंने सभी स्थायी एवं अस्थायी गर्भ निरोधक सामग्री के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों का सवाल का निराकरण किया। उन्होंने प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार पर भी चर्चा की। एफपीएआई के कार्यकारी सदस्य सुप्रिया नवाथे ने एफपीएआई की जानकारी एवं प्रजनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जाने वाली कार्य की जानकारी देते हुये कहा की अगर हम सब मिलकर कार्य करें तथा युवा वर्ग अपनी जोश के साथ कार्य करें तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक डीएस यादव ने युवाओं को उत्साहित करते हुये कहा कि देश तथा समाज के हित को ध्यान में रखते हुये युवाओं को जनसंख्या नियंत्रण में योगदान सुनिश्चित करना जरूरी है। एफआरएचएस इंडिया के समन्वयक नीलम सोनी ने परिवार नियोजन सामग्री के बास्केट ऑफ चायस विद्यार्थियों को बताया साथ ही संस्था द्वारा उपलब्ध निःशुल्क सेवाओं की जानकारी दी। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य समाजसेवी चन्द्र प्रकाश शुक्ला ने विभाग द्वारा समाज हित में किये जाने वाली कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## सिलार नदी का जलस्तर बढ़ा, पड़रिया-गोदना पुल डूबा, न बैरिकेडिंग न चेतावनी बोर्ड



**बीना, देशबन्धु।** क्षेत्र में लगातार बारिश और प्रशासनिक लापरवाही के चलते गोदना और पड़रिया गांव के लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। तीन दिन में करीब चार इंच बारिश हुई, जिससे सिलार नदी उफान पर आ गई है और गोदना-पड़रिया मार्ग पर बना पुल पानी में डूब गया है। ये पुल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब साढ़े तीन साल पहले कुरवाई रोड से ग्राम पड़रिया को जोड़ने के लिये बनाया गया था लेकिन उसकी ऊंचाई और मजबूती पर्याप्त नहीं है, जिसकी वजह से हर मानसून में वह डूब जाता है। इस पुल से स्थानीय लोग, स्कूली बच्चे, महिलायें और बुजुर्ग हर दिन जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है, न ही बैरिकेडिंग या अन्य सुरक्षा इंतजाम। पड़रिया और गढ़ा गांव के ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से पक्के पुल की मांग की है। बारिश के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो जाता है और करीब चार हजार की आबादी शहर से कट जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल यही हाल होता है, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो तब तक सुनवाई नहीं होती। हालांकि प्रशासन का दावा है कि पुल निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण निर्माण शुरू नहीं हो सका है। गुरुवार और शुक्रवार की रात बीना सहित आसपास के मोतीचूर, परासरी, नारायणी, सिलार और गणेशा नदी क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। इससे इन सभी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, लेकिन केवल सिलार नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। एसडीएम विजय डेहरिया ने बताया कि स्थिति को देखते हुये बैरिकेडिंग की जा रही है, लेकिन मौके पर अब तक कोई खास इंतजाम नहीं दिखा। बीना तहसील अब तक जिले में सबसे कम वर्षा वाला क्षेत्र है, लेकिन निचले इलाकों की वजह से थोड़ी बारिश में भी खतरे की स्थिति बन जाती है।

## राहतगढ़ में 27 को मनाई जायेगी दक्ष प्रजापति जयंती



**जैसीनगर, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा एवं दक्ष प्रजापति जयंती के उपलक्ष में जैसीनगर प्रजापति समाज ने झुरिया मोहल्ला हनुमान मंदिर प्रजापति समाज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया जिसमें सर्वप्रथम हनुमान जी की पूजा अर्चन कर बैठक का शुभारंभ तहसील अध्यक्ष कृष्णकांत प्रजापति ने दक्ष प्रजापति के छायाचित्र पर तिलक लगाकर किया। बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार रखें बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन के सागर जिलाध्यक्ष भगवान सिंह प्रजापति राहतगढ़ ने आगामी 27 जुलाई को राहतगढ़ में होने वाले दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव एवं मेघावी छात्र-छात्राओं व समाजसेवियों के सम्मान समारोह की जानकारी देकर सभी को आमंत्रित किया और बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप्र सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति एवं मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, राजेश प्रजापति पूर्व विधायक चंदला, नारायण प्रजापति पूर्व विधायक बंडा रहेगे। बैठक में समस्त प्रजापति समाज जैसीनगर शामिल रही।

## पुल की कम ऊंचाई बनी गांवों की बड़ी समस्या, ग्रामीण जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर



**मालथौन, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मालथौन की विसराहा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले पदमरी और रतनपुर गांव के लोग इन दिनों बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले नदी पर बने पुलों की ऊंचाई बेहद कम है, जिससे बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ते ही पुल जलमग्न हो जाते हैं और ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इन गांवों में केवल कक्षा 5 वीं तक की ही शिक्षा उपलब्ध है। इसके आगे की पढ़ाई के लिये बच्चों को करीब 2 किलोमीटर दूर रजवांस जाना पड़ता है। लेकिन बारिश के दिनों में पुल पार करना खतरे से खाली नहीं होता, जिसके कारण अधिकांश बच्चे स्कूल नही जा पाते। स्थिति इतनी खराब है कि जो शिक्षक अन्य स्थानों से आकर यहां पढ़ाते हैं, वे भी नदी पार नहीं कर पाते और स्कूल में उपस्थिति नहीं दे पाते। इससे बच्चों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है। रोजमर्रा की जरूरतों के अलावा यदि गांव में कोई बीमार हो जाये या गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना हो, तो ये कार्य नदी पार किये बिना संभव नहीं है। जलस्तर बढ़ने पर लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर ही नदी पार करनी पड़ती है, जिससे कई बार गंभीर हालात पैदा हो जाते हैं। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नदी पर बने इन पुलों की ऊंचाई बढ़ाई जाये, ताकि हर मौसम में सुरक्षित आवागमन संभव हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पुल की ऊंचाई नहीं बढ़ाई जाती, तब तक बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवायें और आम जनजीवन संकट में बना रहेगा।

# बिना वारंट महिला के घर में घुसे पुलिसकर्मी, दुर्व्यवहार का आरोप

**सागर, देशबन्धु।** बंडा में महिला से दुर्व्यवहार करने का आरोप बंडा थाने के दो पुलिसकर्मियों पर लगा है। उनके खिलाफ शुक्रवार को क्षत्रिय लोधी समाज और सर्वसमाज के लोगों ने एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को बंडा थाना क्षेत्र के वार्ड क्र. 12 में रहने वाली महिला के साथ पुलिसकर्मियों से अभद्र व्यवहार किया। राज लोधी जो कि महिला का भतीजा है, उनके साथ नहीं रहता है। फिर भी पुलिसकर्मी बगैर वारंट या स्पष्ट कारण के महिला के घर में घुस गये। उनके साथ कोई महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद नही थी। जब पुलिसकर्मी महिला के घर में पहुंचे तो उस समय वह स्नान कर रही थी। जिससे उनकी निजता का



सर्वसमाज ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

उल्लंघन हुआ है, यह अपराध है। पुलिस ने महिला के रिश्तेदार की निजी गाड़ी जब्त की है। मामले में उन्होंने जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड करने की मांग की है। मौके पर मौजूद बंडा के पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि पुलिसकर्मी महिला के घर में बगैर किसी वारंट और कोई शिकायत के जबरन घुसे थे। उन्होंने महिला के साथ अभद्रता की है। मामले के विरोध में सर्वसमाज ने ज्ञापन सौंपा है। 5 दिन में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है। यदि ऐसा नहीं होता है तो विरोध में बंडा में आंदोलन किया जायेगा। एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि ने बताया कि पुलिसकर्मियों के द्वारा महिला से दुर्व्यवहार करने संबंधी आवेदन मिला है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह आयोजित



**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा विकासखंड के अंतर्गत संकुल केंद्र बहरोल की शास. प्राथ. शाला बम्होरी जगदीश में पदस्थ प्रधानाध्यापिका रजनी ठाकुर के स्थानांतरण होने पर माध्य. शाला के बच्चों एवं शाला में पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रजनी ठाकुर द्वारा निरंतर 18 साल ग्राम में सेवायें देने की प्रशंसा करते हुये उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया, श्रीमती ठाकुर का शाल श्रीफल से सम्मान करते हुये उनके द्वारा दी गई शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग की सराहना की एवं उनके स्थानांतरण पर उनको विदाई स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह राजपूत, विनोद कुमार पांडे, माइकल थॉमस, भानु प्रताप कुरैचया, भीमराव गौड़, लेखन अहिरवार, कल्याण लोधी सहित सभी अतिथि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मप्र महापौर परिषद की दो दिवसीय बैठक छिंदवाड़ा में, महापौर होंगी शामिल



**सागर, देशबन्धु।** मप्र महापौर परिषद की बैठक छिंदवाड़ा में आज आयोजित की गई है। दिन में बैठक के बाद शाम को पाताल कोट तमिया में रात्रि विश्राम कराया जायेगा। कल 13 जुलाई को पातालकोट का भ्रमण कार्यक्रम रहेगा। बैठक में सागर नगर निगम की महापौर संगीता तिवारी सहित सभी महापौर शामिल होंगे। बैठक में 16 नगर निगमों के महापौर मिलकर नगरीय निकायों के विकास का रोड़मैप तैयार करेंगे। बैठक राज्य मंत्री प्रतिभा बागरी, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू सहित प्रमुख जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। बैठक को नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय वर्चुअल संबंधित करेंगे। नगर निगम से जुड़े विभिन्न विषयों और विकास को गति देने वाले मसलों पर चर्चा होगी। महापौर अपने-अपने नगर निगमों के विकास के कार्यक्रमों को साझा करेंगे।

## चातुर्मास कलश स्थापना का कार्यक्रम आज

**मकरोनिया, देशबन्धु।** ऐलक श्री दयासागर का मंगल वर्षायोग चातुर्मास श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नेहा नगर में होने जा रहा है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष नीलेश जैन ने बताया वर्षायोग कलश स्थापना का कार्यक्रम आज प्रातः 8 बजे से नेहा नगर मंदिर प्रांगण से संपन्न होगा। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी संजय जैन एवं सतीश जैन ने बताया की प्रातः श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य श्री की संगीतमय पूजन, चातुर्मास कलश स्थापना, ऐलक श्री के मंगल प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है। संपूर्ण कार्यक्रम ब्रह्मचारी धीरज भैया द्वारा संपन्न कराया जायेगा। पूर्व अध्यक्ष कमल कदवा ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ, माता बहनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने के लिये निवेदन किया है।

## वृहद पौधारोपण को लेकर नपा में हुई बैठक



**मालथौन, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री, विधायक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में 18 जुलाई को वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के संबंध में निकाय कार्यालय में बैठक की गई। जिसमें पौधारोपण करने के संबद्ध में रुपरेखा बनाई गई। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष जयंत सिंह बुंदेला,पौधारोपण मंडल के प्रभारी जितेन्द्र सिंह सिसौदिया, नगर परिषद सीएमओ प्रभुशंकर खरे एवं पार्षद शामिल हुये। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में होने वाले पौधारोपण हेतु स्थानों का चयन किया गया।

## गुरू ही हमारे भीतर ज्ञान का पुंज प्रकाशित करते हैं: डॉ. तिवारी

**सागर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद विवि में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय परंपरानुसार गुरू महात्मा मानवीय जीवन के संदर्भ में विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रथम वक्ता कुलाधिपति डॉ. अजय कुमार तिवारी ने कहा कि गुरू वह होता है जो अपने आचरण से गुरुत्व को धारण करता है और सद्गुरू को प्राप्त करता है। सद्गुरू ही परमपिता ईश्वर का स्वरूप हैं। गुरू और शिष्य का संबंध अत्यंत अटूट होता है। गुरू ही हमारे भीतर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और अहंकार, धैर्य एवं विनयशीलता की परीक्षा लेते हैं। एसवीएन ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूट के डायरेक्टर आदित्य प्रखर तिवारी ने कहा कि श्राम को मर्यादा पुरुषोत्तम और कृष्ण को योगेश्वर बनाने में उनके गुरूओं की महती भूमिका रही। गुरू से ही जीवन में सद्गति संभव है। कुलगुरू डॉ. ध्रुव कुमार द्विवेदी ने कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के लिये गुरू अत्यंत आवश्यक हैं। आभार उपकुलपति डॉ. नीरज तोपखाने ने व्यक्त किया।


**विज्ञप्ति**

**कार्यालय तहसीलदार/अनु. अधि./ नजूल अधि. न्यायालय नायब तहसीलदार, बहरोल, तहसील बन्डा, जिला सागर, ( म.प्र )**

क्रमांकः 0004/अ-20(3)/2025-26/ रीडर/ प्र. क्र.: दिनांकः 11/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम **सगोरिया** तहसील बन्डा जिला सागर की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 106, रकवा 61.2800, में से 0.00, हैं। भूमि **ULTRATECH CEMENT LIMITED** को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया हैं। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत ) दिनांक 18.07.2025 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया हैं।

**नायब तहसीलदार**
**बहरोल तहसील बण्डा जिला सागर म.प्र.**

**विज्ञप्ति**

**कार्यालय तहसीलदार/अनु. अधि./ नजूल अधि. न्यायालय नायब तहसीलदार, बहरोल, तहसील बन्डा, जिला सागर, ( म.प्र )**

क्रमांकः 0003/अ-20(3)/2025-26/ रीडर/ प्र. क्र.: दिनांकः 11/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम **साजी** तहसील बन्डा जिला सागर की शासकीय नजूल भूमि सर्वे नंबर 1,35/1 रकबा 49.2900, 29.4000 हैं। भूमि **ULTRATECH CEMENT LIMITED** को भूमि आवंटन हेतु आवेदन हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया हैं। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत ) दिनांक 18.07.2025 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया हैं।

**नायब तहसीलदार**
**बहरोल तहसील बण्डा जिला सागर म.प्र.**

**CHANGE OF NAME**

I, MEMBATI IS MOTHER OF ARMY NO - 4573903F RANK HAV NAME RAKESH KUMAR SERVING IN 14 MAHAR HOME ADDRESS VTC - HATHIN, PO - HATHIN, DIST - PALWAL, STATE - HARYANA, PIN - 121103 HAVE CHANGED MY NAME FROM MEMBATI TO MEMWATI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, VINITA IS MOTHER OF ARMY NO - 15736245A RANK LOC HAV NAME PRAVEEN KUMAR SERVING IN 5 MDSR HOME ADDRESS AT NAKUR TO SARSAWA ROAD, ABABAKKARPUR, PO - NAKUR, DIST - SAHARANPUR, STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 247342 HAVE CHANGED MY NAME FROM VINITA TO BABITA IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, PURAN S SHEKHAWAT IS FATHER OF ARMY NO - 4573848W RANK HAV NAME MUKESH SINGH SHEKHAWAT SERVING IN 10 MAHAR HOME ADDRESS VILL - NEEMAWALA MOHALLA, BHONAWAS, POST OFFICE - BHONAWAS, TEH - KOTPUTLI, DIST - JAIPUR, STATE - RAJASTHAN PIN - 303106 HAVE CHANGED MY NAME FROM PURAN S SHEKHAWAT TO PURAN SINGH SHEKHAWAT IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, DEVANAND IS FATHER OF ARMY NO - 4581038H RANK LNK NAME UKEY ARVIND DEVANAND SERVING IN 7 MAHAR HOME ADDRESS VILL - SOMALWAD, POST - RENGEPAR KOTA, TEH - LAKHANI, DIST - BHANDARA, STATE - MAHARSHTRA, PIN - 441804 HAVE CHANGED MY NAME FROM DEVANAND TO DEVANAND SHALIKRAM UKEY IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, CHINABBAYI IS FATHER OF ARMY NO - 15438648A RANK HAV/XRA NAME MAMIDI SREENU SERVING IN 336 FIELD HOSPITAL SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT HOUSE NO 9-50, CHINNA RAMAKOVELA VEEDHI, KOTANANDURU MANDALM, KOTANANDURU, DIST - EAST GODAVARI, STATE - ANDHRA PRADESH, PIN - 533407 HAVE CHANGED MY NAME FROM CHINABBAYI TO MAMIDI CHINNABBAI AND CHANGED MY DOB FROM 20/10/1966 TO 01/01/1966 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, VARA LAKSHMI IS MOTHER OF ARMY NO - 15438648A RANK HAV/XRA NAME MAMIDI SREENU SERVING IN 336 FIELD HOSPITAL SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT HOUSE NO 9-50, CHINNA RAMAKOVELA VEEDHI, KOTANANDURU MANDALM, KOTANANDURU, DIST - EAST GODAVARI, STATE - ANDHRA PRADESH, PIN - 533407 HAVE CHANGED MY NAME FROM VARA LAKSHMI TO MAMIDI VARALAKSMI AND CHANGED MY DOB FROM 20/07/1972 TO 01/01/1972 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय,**
स्वीडिश मिशन स्कूल के पीछे गोपालगंज वार्ड, सागर संभाग, सागर
फोन नं. 07582-267765

क्रमांक/1195/ स्थापना / वाहन / 2025 सागर दिनांकः 08 07.2025

**ई-निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-02-2025**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय सागर संभाग सागर के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 (दिनांक 01.08.2025 से 31.07.2026 तक) के लिए 10 लाख रूपए (एक्स शो रूम प्राईज) का एक चार पहिया (पेट्रोल/ डीजल/सीएनजी) वाहन की आवश्यकता है। जिसके लिए कलेक्टर जिला सागर द्वारा निर्धारित मासिक किराया दर पर (ईधन / रखरखाव / ड्राईवर सहित) परिवहन विभाग के टेक्सी कोटे में पंजीकृत प्रोपराईटर / ट्रेवल्स ऐजेंसी से मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। संबंधित प्रोपराईटर / ट्रेवल्स ऐजेंसी निर्धारित कार्यालयीन समय में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय सागर संभाग सागर (म.प्र.) से निर्धारित शुल्क 250/- रूपए (दो सौ पचास रूपए मात्र) नगद जमा कराकर निविदा की शर्त एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 18.07.2025 से 23.07.2025 तक प्राप्त कर सकते हैं। संबंधित निविदाकारों को अपनी निविदाएँ सीलबंद लिफाफे में निविदा निर्धारित तिथि 28.07. 2025 तक 03.00 बजे अपरान्ह तक जमा करना अनिवार्य हैं। प्राप्त निविदाएँ दिनांक **28.07.2025** को ही कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त सागर संभाग सागर में कमेटी द्वारा खोली जावेगीं। संबंधित निविदाकार चाहे तो निविदा के समय उपस्थित रह सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त किसी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

**पुलिस अधीक्षक**
**विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय सागर**
जी-15460/25 **दूरभाष नम्बर 07582-267765**

**CHANGE OF NAME**

I, PIRYANDA DEVANAND UKEY IS MOTHER OF ARMY NO - 4581038H RANK LNK NAME UKEY ARVIND DEVANAND SERVING IN 7 MAHAR HOME ADDRESS VILL - SOMALWAD, POST - RENGEPAR KOTA, TEH - LAKHANI, DIST - BHANDARA, STATE - MAHARSHTRA, PIN - 441804 HAVE CHANGED MY NAME FROM PIRYANDA DEVANAND UKEY TO PIRVANDA DEVANAND UKEY IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 12/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, RADHA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4577463W RANK LHAV NAME VIRENDRA KUMAR MANDLOI SERVING IN 4 MAHAR (BORDER'S) HOME ADDRESS AT MAKAN NO 04/54 WARD NO 04, JAGANNATH PURI MAKSI, NAGAR MAKSI, POST - MAKSI, SHAJAPUR, MADHYA PRADESH, 465106 HAVE CHANGED MY NAME FROM RADHA TO RADHA MANDLOI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**3rd Floor, Vikas Bhawan, Bhopal, (M.P.)**
**No./8302/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 11.07.2025**

**NOTICE INVITING TENDER No. 354/MTN/2025 (BW)**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

**Name of work :** Repair/Maintenance of Rural Roads.

● **Table-1 : Name of Work -** Within 05 Year Maintenance (BW)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Bhopal | 1 | 677000.00 |

● **Table-2 : Name of Work -** Post 5 Year Maintenance (BW)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Narmadapuram | 1 | 5989000.00 |
| 2 | Bhopal | 1 | 6896000.00 |
| 3 | Sagar | 1 | 4880000.00 |
| 4 | Ujjain | 1 | 2250000.00 |

● **Table-3 : Name of Work -** Post 10 Year Maintenance (BW)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Bhopal | 1 | 2369000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **15.07.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **30.07.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**
M.P. Madhyam/121051/2025 **(TENDER)**

**''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

**कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला-सागर (मध्यप्रदेश)**
e-mail:-deo.mpedsgr@mp.gov.in
सागर, दिनांक 30 जून, 2025

**विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र कमांक एफ बी-2(ए)/09/2010/2/V/1/326212 दिनांक 25.06.2025 एवं आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र कमांक/9-लेखा/ बजट / 2025-26/E-415972 दिनांक 30.06.2025 के परिपालन में पंजीकृत फर्मों / संस्थाओं (ट्रेवल्स एजेंसी) की जानकारी के लिये सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के लिये अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य हेतु 07 वाहन वित्तीय वर्ष 2025-2026 की अवधि (अर्थात दिनांक 31.03.2026 तक) हेतु किराये पर लगाया जाना है ।

मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के पत्र क्रमांक एफ/11-16/2012/ नियम/चार/भोपाल दिनांक 06.10.2012 में उल्लेखित अनुसार किराये पर लगाये जाने हेतु वाहन टेक्सी परमिट कोटे का (नॉन ए.सी) सेवाकर हेतु पंजीकृत अथवा प्रचलित नियमों अनुसार टेक्सी सेवाओं का दिया जाना एवं लग्जरी वाहनों को छोड़कर होना चाहिये तथा वाहन का पंजीयन वर्ष 2022 से पूर्व का नहीं होना चाहिये ।

प्रस्तुत निविदा फार्म में वाहन का संचालन 2500 कि.मी. तक प्रतिमाह किया जा सकता है, इस हेतु फिक्स्ड चार्ज/वेरीयेवल चार्ज पर कि.मी. पृथक-पृथक अंकित करना होगा।

निविदा फार्म का मूल्य रूपये 500/- निर्धारित है, इसे ई-चालान के माध्यम से आबकारी आय शीर्ष 0039-00-800-0761 में जमा कराना होगा। निविदा फार्म कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त जिला सागर से दिनांक 01.07.2025 से 15.07.2025 तक सायं 04.00 बजे तक किये जावेगें । प्राप्त निविदा फार्म दिनांक 15.07.2025 को ही सायं 05.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेंगे । निविदादाता की अनुपस्थिति निविदा खोलने की प्रक्रिया को बाधित नहीं करेगी।

वाहनों के किराये के संबंध में एवं शासन शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त जिला सागर से प्राप्त की जा सकती है।

जी-15468/25 **सहायक आबकारी आयुक्त, जिला-सागर ( म.प्र. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/20 सागर दिनांक 10.07.2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमांतर्गत नीचे दिए गए भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस अधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 561/ 25-26 | पुरव्याऊ | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | प्रेमबाई पति किसनलाल, नीलेश कुमार पिता किसनलाल एवं जवाहरलाल पिता मौतीलाल चौरसिया | हेमवती पति ओमकार रैकवार |
| 2 | 562/ 25-26 | पुरव्याऊ | रजि. दानपत्र, शपथ पत्र | रामप्यारी पति स्व. बाबूलाल ठाकुर | सतपाल सिंह पति रामेन्द्र सिंह ठाकुर |
| 3 | 563/ 25-26 | पुरव्याऊ | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | छोटेलाल पिता स्व. नन्हेलाल चौरसिया | लक्ष्मीकांत पिता स्व.छोटेलाल एवं कौशल्या पति स्व. उमेश, आशीष, अभिषेक पिता स्व.उमेश चौरसिया |
| 4 | 564/ 25-26 | सूबेदार | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | काशीराम पिता हरिराम अहिरवार | उमेश पिता काशीराम अहिरवार |
| 5 | 565/ 25-26 | नरयावली नाका | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | राधाबाई पति स्व. रामसेवक बरसैंया | मुकेश, माया, दीपक पिता स्व. रामसेवक बरसैंया |
| 6 | 566/ 25-26 | तुलसीनगर | रजि.बैनामा शपथ पत्र | जावेद पिता अब्दुल हसन | राशिदा पति मुह. लतीफ मुसलमान |
| 7 | 567/ 25-26 | तुलसीनगर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | मु. परवेज वल्द हसन खान | रफीक वल्द मुह. लतीफ |
| 8 | 568/ 25-26 | रविदास | रजि. बैनामा शपथ पत्र | बाबूलाल पिता कुन्दनलाल जैन | मीना पति अजीत जैन |
| 9 | 569/ 25-26 | तिलकगंज | रजि.बैनामा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | विमला पति लख्मीचंद जैन | सत्येन्द्र कुमार, मनीष कुमार पिता स्व. लख्मीचन्द्र जैन |
| 10 | 570/ 25-26 | अम्बेडकर | रजि.बैनामा शपथ पत्र | ज्योति पति कलू प्रजापति | रीना पति देवशरण भट्ट |

**कृते-आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, सागर**

## सार समाचार

### फेसबुक पर विवादित पोस्ट के विरोध में थाने में की शिकायत



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** सोशल मीडिया पर जाति विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आया है। अमर शहीद युवा संगठन के सदस्यों ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। संगठन के जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के अनुसार, लखन उर्फ मुक्के कुशवाहा ने अपनी फेसबुक पर विवादित पोस्ट की है। इस पोस्ट में क्षत्रिय, ब्राह्मण समाज और बजरंग दल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है।

शिकायत में बताया गया कि लखन कुशवाहा और कुछ अन्य लोगों ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ठाकुर, ब्राह्मण समाज, बजरंग दल और करणी सेना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। आवेदकों ने आरोप लगाया है कि इस तरह की पोस्ट से समाज में वैमनस्य पैदा हो रहा है। शिकायतकर्ताओं ने विवादित ऑडियो-वीडियो की कॉपियां भी अपने आवेदन के साथ दीं हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### अंधे कत्ल का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

# पत्नी पर अश्लील टिप्पणी से नाराज युवक ने की थी सिर कुचलकर हत्या




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** देहाल थाना पुलिस ने विगत दिवस हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथी द्वारा पत्नी पर की गई अश्लील टिप्पणी से नाराज होकर उसकी सिर कुचलकर हत्या कर दी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना देहात पुलिस को खबर मिली थी कि हरिजन बस्ती रेलवे पुल नरगुडा के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है प्रथम दृष्टया शव को देखकर पाया गया कि किसी भौथरी (मॉथली) वस्तु से उस मृतक के सिर व मुंह में चोटे पहुंचाकर हत्या की है। मृतक की शिनाख्त पुष्पेंद्र लोधी पुत्र अजुद्दी लोधी (38) निवासी माडुमर थाना कोतवाली के रूप मे हुई। पुलिस ने इस मामले में हत्या का अपराध कायम कर पड़ताल शुरू की।

जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात चन्द्रजीत यादव के नेतृत्व पुलिस टीम गठित की गई। मामले की तफतीश करते हुए परिवार वालों के बयान और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी राजू उर्फ राजेंद्र राजपूत पिता स्वर्गीय अर्जुन राजपूत (39) निवासी ग्राम माडुमर हाल निवासी नारगुडा टीकमगढ़ को गिरफ्तार किया गया, आरोपी ने पूछताछ पर यह हत्या करना कबूल किया। हत्या के आरोपी ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई की रात लगभग रात 8 बजे घटना स्थल हरिजन बस्ती रेलवेपुल नारगुडा के पास मृतक पुष्पेंद्र और आरोपी

राजेंद्र साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दौरान मृतक ने उसकी पत्नी के संबंध में अश्लील बातें करना शुरू कर दी। जिसको लेकर विवाद हुआ और आरोपी द्वारा मृतक को धक्का देकर नीचे पटककर दिया और पास में पड़े पत्थर से सिर व पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

आरोपी को गिरफ्तार कर अंधे कत्ल का खुलासा करने में थाना प्रभारी देहात चन्द्रजीत यादव, उप निरीक्षक वीणा विश्कर्मा, प्रधान आरक्षक रज्जन रैकवार, अभय मिश्रा, मुईन खान, आरक्षक भास्कर मिश्रा, योगेश, अरबाज, महिला आरक्षक अंकिता टीम में शामिल रही।

## एक पेड़ मां के अभियान : मातृ-पितृ छाया वृद्धाश्रम में किया पौधरोपण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक पेड़ मां के अभियान अंतर्गत गत दिवस मातृ-पितृ छाया वृद्धाश्रम में हरित क्षेत्र के विस्तार, पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने, पर्यावरण एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली प्रदान करने के उद्देश्य से पौधरोपण किया। इस अवसर पर नगर पालिका टीकमगढ़ सीएमओ श्री ओमपाल सिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे।

पौधरोपण के बाद कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करते है। वृक्षारोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाये रखने में सहायक है। हमें इसके विभिन्न लाभों और महत्व को समझना चाहिए। श्री श्रोत्रिय ने सभी जिलेवासियों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण हेतु आप सभी जिलेवासी एक पेड़ अवश्य लगायें। क्योंकि पौधरोपण से बच्चों और युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है, और वे पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व को भी अच्छे से समझते हैं।

## जनसंवाद शिविरों में किया जा रहा संभावित आपदा से सुरक्षा के लिए जागरुकता



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा मानसून के दौरान संभावित बाढ़, आपदा को देखते हुए जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में जनसंवाद शिविरों के माध्यम से नागरिकों को जागरुक किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में विगत वर्षों में बाढ़ से प्रभावित रहे स्थानों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करें तथा वहाँ निवासरत नागरिकों को संभावित जोखिमों और बचाव के उपायों की जानकारी दें। इसके अंतर्गत दैनिक रूप से जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर बाढ़ सुरक्षा उपायों को साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी कड़ी में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा धसान नदी के तटवर्ती एवं संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों के साथ जनसंवाद आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को विशेष रूप से निम्न सावधानियों से अवगत कराया गया। लोगों से कहा गया कि भारी वर्षा अथवा बाढ़ की संभावना के समय नदियों, नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप न जाएं। बच्चों को गहरे पानी, गड्ढो एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रखें। जर्जर भवनों, दीवारों, पेड़ों एवं ढांचों के समीप रहने या शरण लेने से बचें। वर्षा के समय बिजली उपकरणों एवं खुले तारों से सावधान रहें। कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत स्थानीय थाना प्रभारी या पुलिस को सूचित करें।

जनसंवाद के दौरान थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में स्थित पुराने एवं क्षतिग्रस्त भवनों, पेड़ों व दीवारों की पहचान की गई तथा उन्हें संभावित खतरे के रूप में चिह्नित किया गया। नागरिकों से अपील की गई कि वे ऐसी किसी भी स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## अपहृत बालक 24 घंटे में पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या तथा एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए 15 वर्षीय अपहृत बालक को 24 घंटे के भीतर दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया।

9 जुलाई 2025 को फरियादी ने थाना कोतवाली टीकमगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका 15 वर्षीय पुत्र विगत 8 जुलाई को सुबह 8 बजे स्कूल पढ़ने के लिए गया था, जो देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों में तलाश की गई, किंतु कोई जानकारी नहीं मिलने पर थाना कोतवाली में गुमशुदगी की सूचना दी गई। प्रकरण पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और थाना प्रभारी कोतवाली उपेन्द्र छारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुराग लगाकर 15 वर्षीय अपहृत बालक को केवल 24 घंटे के भीतर दस्तयाब कर लिया। बालक को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### अधिवक्ता परिषद ने गुरू पूर्णिमा पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लिया आशीर्वाद



**आष्टा, देशबन्धु।** अधिवक्ता परिषद तहसील ईकाई ने गुरु पूर्णिमा के पर्व पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का स्वागत कर मनाया। तहसील ईकाई के अध्यक्ष रामेश्वर धनगर उपाध्यक्ष जीवन सिंह खजुरिया ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं जो की हमारे कार्य क्षेत्र में हमारे गुरु है वरिष्ठ अधिवक्ता नगीन चंद जैन, रुप सिंह ठाकुर, सौभाग्य सिंह ठाकुर, कान्ति लाल जोशी, नरेन्द्र शर्मा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर का माला पहनाकर श्रीफल भेंटकर कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निलेश कुमार शर्मा, जितेन्द्र दुबे, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, सचिव कुलदीप शर्मा ,सीताराम परमार, बाबू लाल परमार, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, भुपेश जामलिया, दिनेश सोनी,अक्षत पाठक, आशीष जौशी,जीवन नागलिया सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

## रमपुरा निवाउरी गांव के प्राथमिक स्कूल परिसर में भरा बारिश का पानी



**पलेरा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव रमपुरा निवाउरी में बारिश होने पर विद्यालय में पानी भर जाता है। यहां जल निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। इससे बारिश के बाद भी पानी भरा रहता है। ऐसे में स्कूल खुल गए हैं, और पढ़ाई करने के लिए छात्र आते-जाते हैं। पानी से होकर छात्रों को कक्षा तक पहुंचना होता है।

इसके अलावा शौचालय, हैंडपंप पर पानी पीने के लिए भी छात्रों को विद्यालय प्रांगण में बारिश से भरे पानी से ही होकर गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों को दिक्कत हो रही है। इसके अलावा बीमारी फैलने का खतरा है, लेकिन स्कूल के जिम्मेदार इंतजाम नही कर रहे हैं। बताया गया है कि नगर से करीब 12 किलोमीटर दूर खरगापुर मुख्य सड़क पर स्थित ग्राम पंचायत रमपुरा निवाउरी की शासकीय प्राथमिक शाला में शुक्रवार को हुई तेज बारिश का पानी चारों ओर से भर गया। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या हर साल आती है।

स्कूल भवन के सामने मुख्य सड़क ऊंची होने से पानी बाहर नहीं निकल पाता। पिछले साल भी ऐसी ही स्थिति बनी थी। विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों ने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। गौरतलव है कि मध्य प्रदेश की मोहन सरकार पूरे प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान चला रही है। स्कूलों को सुधारने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद स्कूलों की दशा सुधर नहीं रही है। कहीं स्कूल के भवन जर्जर हैं तो कहीं के स्कूल में पानी भरा हुआ है।

### दंपती की शिकायत पर 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

## ट्रैक्टर से कीचड़ फैलाने का विरोध करने पर पीटा



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** अस्तोंन गांव में घर के दरवाजे पर ट्रैक्टर से कीचड़ फैलाने को लेकर आज दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक दंपती के साथ मारपीट कर दी गई। मामले में 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी के मुताबिक, मारपीट में घायल बबलू कुशवाहा ने शिकायत दर्ज कराई है कि चेनू, शैलेंद्र और राघवेंद्र कुशवाहा उसके घर के सामने से जानबूझकर ट्रैक्टर निकल रहे थे, जबकि बारिश के कारण घर के सामने की सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। जब उन लोगों को ट्रैक्टर निकलने से मना किया तो तीनों लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके घरों की महिलाएं भी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की।

शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने चेनू शैलेंद्र और राघवेंद्र कुशवाहा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घायल दंपती का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

## मार्टिनेट विद्यालय में विद्यार्थी परिषद के गठन के लिए हुआ मतदान

**आष्टा, देशबन्धु।** विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो तथा वे भविष्य में किसी भी पद के कर्तव्य पालन में श्रेष्ठ सिद्ध हो सकें। इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालयों में स्टूडेण्ड केबिनेट का गठन किया जाता है।

इसी प्रक्रिया के तहत मार्टिनेट विद्यालय, में सीनियर और जूनियर केबिनेट के गठन के लिये वोटिंग सम्पन्न की गई। सीनियर केबिनेट के गठन के लिये कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने हेड बॉय, हेड गर्ल सहित अन्य पदो के लिये अपने वोट का प्रयोग किया जबकि जूनियर केबिनेट के गठन के लिये कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों नें अपने वोट का प्रयोग किया। साथ ही शिक्षिक-शिक्षिकाओं द्वारा भी वोटिंग की गई। विद्यालय के मैनेजर विनीत कुमार त्रिवेदी नें सभी विद्यार्थियों को सही प्रत्याशी को वोट देने का महत्व समझाया वहीं वोटिंग बूथ अधिकारी के रूप में विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती प्रीति त्रिवेदी, अकेडमिक इंचार्ज अतुल सुराणा एवं शिखा तिवारी कंप्यूटर ऑपरेटर कुशल भूतिया तैनात रहे और निष्पक्ष रहते हुये वोटिंग प्रक्रिया को सम्पन्न करवाया ताकि एक सुदृढ़ स्टूडेण्ट केबिनेट का गठन किया जा सके। वोटो की गिनती करके शीघ्र ही परिणाम घोषित किये जायेंगे और चुने गये विद्यार्थी पदाधिकारियों का शपथ समारोह आयोजित कर उन्हें उनके पद और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई जायेगी।

### बेबस गरीब मजदूरों को मजबूरी में आदर्श ग्राम से बाहर मजदूरी करने के लिए पलायन करना पड़ रहा है

# जनपद पंचायत जतारा की आदर्श ग्राम पंचायत में मशीनों से हो रहे कार्य, मजदूरों का छीना जा रहा हक





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जनपद पंचायत जतारा के अंतर्गत आने वाली आदर्श ग्राम पंचायत गोर में शासकीय योजनाओं के कई कार्य मशीनों की सहायता से कराए जा रहे हैं। जिम्मेदारों द्वारा गांव के लोगों को इन कार्यों में मजदूरी नहीं दी जा रही है। ग्रामवासियों ने कई बार जनपद पंचायत सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन दिए गए हैं लेकिन यहां पर कोई जांच व कार्यवाही नहीं की गई है।

लोगों की मानें तो यहां ग्राम पंचायत गोर में हो रही धांधली एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ कई बार शिकायतें की गई हैं लेकिन उसके बावजूद भी ग्राम पंचायत के गरीब असहाय मजदूर लोगों के हाथ को काम नहीं मिल रहा है और जिम्मेदारों द्वारा मशीनों से कार्य पूर्ण कराए जा रहे हैं। जिससे बेबस गरीब मजदूर लोगों को मजबूरी में आदर्श ग्राम से बाहर मजदूरी करने के लिए पलायन करना पड़ रहा है। आदर्श ग्राम के बहुत से लोग काम की तलाश में दिल्ली, हरियाणा, इंदौर, जयपुर आदि जगह कार्य करने को घर छोड़ कर जा चुके हैं, जिससे उनके बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से आग्रह है कि ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य गांव के लोगो से कराए जाए जिससे उन्हें गांव में ही काम मिल सके और मांग की है कि इस प्रकार की अनियमितताओं में लिप्त जिम्मेदारों खिलाफ जांच की जाए व दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

## रोजगार मेले में आई 13 कम्पनियां, 592 युवाओं को मिला रोजगार



**आष्टा, देशबन्धु।** ब्लॉक में बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौशल विकास इकोसिस्टम कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत, आईटीसी मिशन सुनहरा कल प्रशिक्षण केंद्र, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मेले में मुख्य अतिथि के रूप में0 विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद पंचायत उपाध्याक्ष्य गजराज सिंह पटेल, मुख्यकार्यपालन अधिकारी अमित व्यास, जिला प्रबंधक एनआरएलएम दिनेश बरफा एवं जिला प्रबंधक कौशल विकास सुश्री सविता रघुवंशी उपस्तिथ हुए।

सर्वप्रथम मुख्यातिथियो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रोजगार मेले का शुभारम्भ किया गया इसके पश्चात सभी अतिथियो का पौधा देकर स्वागत किया गया सभी को संबोधित करते हुए विधायक के द्वारा रोजगार मेले को रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर बताते हुए युवाओ को पूरी लगन से काम करने हेतु प्रेरित किया । आयोजक संस्थाओ द्वारा बताया गया की रोजगार मेले के लिए लगभग 850 युवाओं द्वारा ऑनलाइन पंजीयन किया गया जबकि मेला स्थल पर 630 युवक एवं युवतियों द्वारा पंजीयन किया गया।

पंजीकृत युवाओ में से निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेले में उपस्थित 11 प्रतिष्ठित कंपनियों ने क्रमशः एडवांटेज प्रा. लि. – आइसेक्ट प्रा. लि. द्वारा 110, शिवशक्ति एग्रीटेक प्रा. लि. भोपल द्वारा 22, वर्धमान फैब्रिक्स प्रा. लि. बुधनी द्वारा 146, याज़ाकी इंडिया प्रा. लि. (आदित्य एंटरप्राइज) भोपाल द्वारा 110, ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी द्वारा 33, एडेक्यूएट मैनेजमेंट प्रा. लि. द्वारा 40, क्वेस कॉर्प प्रा. लि. इंदौर द्वारा 59, एलआईसी ऑफ इंडिया आष्टा द्वारा 16, एसआईएस सिक्यूरिटी सर्विसेस प्रा. लि. नीमच द्वारा 12 , बैंक ऑफ़ इंडिया प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा 44 प्राथमिक स्तर पर कुल 592 युवक एवं युवतियों चयन किया गया ।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर गुरु पूर्णिमा धूम धाम से मनाया

**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में भारतीय ज्ञान परम्परा अन्तर्गत गुरू पूर्णिमा उत्सव संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन किया गया एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई, इसके उपरांत मुख्य अतिथि का स्वागत तुलसी के पौधे, शॉल एवं श्रीफल के द्वारा किया गया। इसी क्रम में गुरु वंदना के उपरांत महाविद्यालय के गुरुजनों का तिलक एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा भारतीय परम्परा में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू शिष्य संबंधों के महत्व एवं प्रथम गुरू माँ की महिमा पर अपने विचारो से छात्राओं एवं समस्त स्टॉफ को अभिभूत किया। मुख्य वक्ता ने विभिन्न दृष्टांतों, उदाहरणों के माध्यम से जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु गुरू की महिमा पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सभी का आभार प्रकट किया। आयोजन समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष सुश्री अमिता बैरागी द्वारा किया गया था।

## सार समाचार

### डॉ. राय परिवार ने सिंधी समाज को मर्चुरी फ्रीजर किया दान



**दमोह देशबन्धु।** नेत्र रोग विशेषज्ञ व सर्जन डॉ.राकेश राय, डॉ. सुधा राय एवं मुकेश राय परिवार ने सिंधी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शव को अंतिम संस्कार के पूर्व सुरक्षित रखने के लिए एक मर्चुरी फ्रीजर अपने पिता स्व. रज्जू राय एवं माता स्व. मालती राय की स्मृति में सिंधी समाज को दान किया। इस मौके पर आशा राय, प्रीतम चौकसे, निशा राय, डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. संजीव सिंघई, डॉ. डीएम संगतानी, प्रेम शंकर राय, अनिल कोटवानी, हरीश राय तथा शहर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

### कलेक्ट्रेट परिसर में रखें साफ सफाई : कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, परिसर की साफ सफाई, परिसर में वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था का जायजा लिया। परिसर में कचरा पड़ा मिलने पर संबंधित के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी को निर्देशित किया कि वे संपूर्ण कार्यालय परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। अनावश्यक पड़ी सामग्री को राइट ऑफ करें। ऐसी कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री या फर्नीचर जो अनुपयोगी है उस पर अपलेखन की कार्यवाही करें। उन्होंने स्थापना, नजारत, वित्त एवं विधि शाखा, भू.अर्जन सहित विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया। कार्यालय में की गई पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया। निर्देश दिये कि कार्यालय में कही भी अनावश्यक और अनुपयोगी, कबाड़ सामग्री नहीं रहनी चाहिये। कार्यालयों के रिकार्ड को व्यवस्थित रूप से सम्भाल के रखा जाये। यथा संभव सभी काम कम्प्यूटर से एवं पेपरलैस तरीके के किया जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय सहित अन्य कार्यालयीन अधिकारी उपस्थित रहे।

### 120 फीट लंबे ट्रेलर ने बीना के दो चौराहे किए जाम



**बीना, देशबन्धु।** 120 फीट लंबा ट्रेलर शहर में घुसने के कारण शुक्रवार दोपहर सर्वोदय चौराहे और गांधी तिराहे पर एक-एक घंटे तक जाम लगा रहा। सागर से गुना जा रहा यह ट्रेलर गलत मार्ग पर आ गया था। खुरई रोड ओवरब्रिज होते हुये यह सर्वोदय चौराहे पहुंच गया। सर्वोदय चौराहे पर अधिक कर्व और कम जगह के कारण ट्रेलर को मोड़ने में काफी समय लगा। चालक को आधे घंटे तक ट्रेलर को आगे पीछे करना पड़ा। इसके बाद ही उसे स्टेशन रोड की तरफ मोड़ा जा सका। ट्रेलर जब गांधी तिराहे पहुंचा तो चालक राजवीर सिंह को फिर से इसे मोड़ने में मशक्कत करनी पड़ी। राजस्थान नंबर का यह ट्रेलर आरजे 96 जीडी 0154 खाली था। इसमें 50 से ज्यादा पहिये लगे थे। इस दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे कई बार शहर में भारी वाहनों की एंट्री रोकने की मांग कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है।

### बैंक से पैसे लेकर जा रहे किसान का थैला चुराया



**बीना, देशबन्धु।** एक किसान से बदमाशों ने 50 हजार रुपये की चोरी कर ली। किसान बैंक से पैसे निकालकर गांव जा रहा था। 8 जुलाई को हुई इस घटना के 72 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों का पता नहीं लगा पाई है। शुक्रवार को किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर के साथ बड़ी संख्या में किसान थाने पहुंचे। हालांकि थाने में कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। किसानों ने प्रधान आरक्षक को चेतावनी दी कि अगर जल्द मामले का खुलासा नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। यह क्षेत्र में दूसरी बड़ी चोरी की घटना है। इससे पहले 9 मई को सिरचौंपी गांव के राजा भाई की बाइक की डिग्गी से 3 लाख रुपये चोरी हो गये थे। इस मामले में क्षत्रिय समाज और किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया था। लेकिन पुलिस अभी तक चोरों का पता नहीं लगा पाई है। किसान नेताओं ने दोनों मामलों का जल्द खुलासा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

# मगरमच्छ ने महिला को बनाया शिकार, जबड़े में फसाकर ली जान, शव बरामद

**दमोह देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र दमोह अंर्तगत कनिया घाट पटी से निकली व्यारमा नदी में मगरमच्छ ने व्यारमा में नदी के समीप गई महिला को अपने जबड़े में दबाकर शिकार बना लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार सुबह व्यारमा नदी में नहाने गई महिला मालतीबाई पति मेघराज सिंह को मगरमच्छ ने नदी में खींच लिया। जिसके बाद महिला को मगरमच्छ के जबड़े में जकड़ा देख लोगों ने शोर मचाया। इसी बीच सूचना मिलते ही वन विभाग और एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की सर्चिंग के बाद महिला का शव नदी के दूसरे छोर पर झाड़ियों में फंसा मिला।

ग्रामीण प्रहलाद सिंह का कहना है कि मालती एक सहेली के साथ सुबह करीब 6 बजे गई थी। सावन का पहला दिन है, इसलिए उनको जल भी लाना था। उसकी सहेली किनारे पर खड़ी थी। मालती डिब्बे में नदी से पानी भर रही थी, तभी मगरमच्छ ने उनके पैर को जबड़े में भर लिया। मगरमच्छ उनको खींचते हुए नदी के बीचोंबीच ले गया। नदी का बहाव तेज है, इसलिए उसे बचा नहीं सके। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की थी, जहां शव ले जाकर परिजनों ने अभाना के यहां लंबा जाम लगा दिया था, जिससे लोगों/राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना



पड़ा, आश्वासन के बाद एक जाम तो खुल गया, फिर आगे परिजनों ने दूसरा जाम लगा लिया। वह भी पुलिस प्रशासन ने खुलवाया, जिसके बाद शव को पुलिस वाहन से पोस्टमार्टम के लिए दमोह रवाना किया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, उपवन मंडल अधिकारी एमडी मानिकपुरी, रेंजर विक्रम चौधरी, अखिलेश चौरसिया के अलावा अभाना सरपंच गोविंद सिंह और भी पुलिस प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर, एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी और डीएफओ ईश्वर जरांडे मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

वन विभाग के मुताबिक व्यारमा नदी में मगरमच्छों की संख्या बढ़ने के कारण कई चिह्नित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए थे और मुनादी भी करवाई गई थी। इसके बावजूद लोग ऐसे स्थान तक जा रहे हैं।

### मगरमच्छ ने एक साल पहले बच्चे की जान ली थी

जिस कनियाघाट पटी गांव में मगरमच्छ ने मालती की जान ली है, इसी ग्राम पंचायत के हटरी गांव में पिछले साल एक 10 साल के बच्चे को मगरमच्छ ने इसी तरह दबोच लिया था। मगरमच्छ उसे अपने जबड़े में फंसा कर कई घंटे तक घूमता रहा था। रेस्क्यू टीम को दूर झाड़ियां में उसका शव मिला था। इस क्षेत्र के नोहटा, बनवार, माला, जुझार के अलावा कई गांवों में नदी से दूर ग्रामीण क्षेत्रों तक बड़े-बड़े मगरमच्छ देखे गए हैं, जिन्हें वन विभाग ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा है।

## शाहनगर-बोरी-रैपुरा मार्ग पर स्थित पुल का मामला

# केन नदी उफान पर, जान जोखिम में डालकर लोग कर रहे पुल पार



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण केन नदी उफान पर है। शाहनगर-बोरी-रैपुरा मार्ग पर स्थित पुल के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे मार्ग पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। प्रशासन और पुलिस द्वारा लगातार चेतावनी और समझाइश देने के बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस पुल को पार कर रहे हैं।स्थानीय प्रशासन ने नदी के बहाव और मौसम की गंभीरता को देखते हुए पुल से आवाजाही न करने की अपील की है, लेकिन लोगों द्वारा लापरवाही बरती जा रही



है। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करे और पुल पर सुरक्षा के पर्याप्त उपाय करे ताकि किसी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

### मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** शासकीय कार्यालयों में चल रही भर्राशाही के चलते मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमें बिजली की अघोषित कटौती व मनमाने बिलों, तहसील कार्यालय नवीन जगह बोतराई रोड पर ना करने, गौशालाओं व तहसील कार्यालय में वर्षों से पदस्थ बाबूओं को हटाने की बात कही गई। इस अवसर पर रामरतन यादव राष्ट्रीय संयोजक, सरला पंडित प्रदेश अध्यक्ष, धीरज अहिरवार प्रवक्ता, एडवोकेट धर्म सींग चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष, छोटेलाल अहिरवार, बृजेश पाण्डे, लखन लाल की उपस्थिति रही।

## सीमेंट यूनियन इमलाई मायसेम सीमेंट माइंस कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न



**दमोह देशबन्धु।** संघ के विस्तार हेतु सीमेंट यूनियन महासंघ इमलाई एवं नरसिंहगढ़ में अजय विश्वकर्मा ( प्रभारी सीमेंट) प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ भोपाल, संजय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष सीमेंट यूनियन महासंघ, धर्मेंद्र चौबे विभाग प्रमुख सागर विभाग अंग वस्त्र के साथ सम्मान एवं देवेंद्र चौबे जिला मंत्री ने श्रमिक गीत के साथ बैठक का शुभारंभ प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा के द्वारा किया गया, उन्होंने अपने उद्बोधन कहा भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता संबद्धता लेखा रिकॉर्ड विषय पर विस्तृत रूप से सीमेंट यूनियन इकाइयों के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों को विशेष रूप से बताया, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे ने 23 जुलाई को होने वाले स्थापना दिवस के विशेष आयोजन के संबंध में चर्चा की, बैठक का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने की बैठक का आभार एवं समापन सीमेंट यूनियन के महामंत्री दारा सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से सीमेंट यूनियन के अध्यक्ष राजा सिंह, महामंत्री प्रेम सिंह, कोषाध्यक्ष पप्पू सिंह, मुकेश शर्मा अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

## महुआ खेड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक भी आवास स्वीकृत नहीं



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जबेरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महुआ खेड़ा के ग्राम महुआ खेड़ा में आवास योजना के अंतर्गत एक भी आवास महुआ खेड़ा ग्राम में नहीं बना इसी प्रकार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्राम में शौचालय का निर्माण भी नहीं किया गया। ग्रामीण रिटायर्ड शिक्षक धीरज सिंह एवं ग्राम वासियों ने जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह को निरीक्षण के दौरान बताया कि हमारे गांव की जनसंख्या लगभग 1200 है जिसमें अधिकांश आबादी आदिवासियों की है इस आदिवासी गांव में आवास स्वीकृत नहीं हुआ है ना ही ग्राम में कहीं शौचालय बनाए गए हैं शौचालय सिर्फ कागज पर बना दिए गए ग्रामीण बताया की ग्राम में खेर माता के पास एक फर्जी सामुदायिक भवन भी कागज पर बना दिया गया पर धरातल पर कुछ भी नहीं है। इसी प्रकार धीरज के घर से प्यारेलाल के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 800000 की राशि निकाली गई। लेकिन पहले सीसी का काम शुरू नहीं हुआ।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ के समापन पर श्रीजी की शोभायात्रा

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** विरागोंदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम कमल मंदिर में आठ दिवसीय अष्टानिका पर्व के तहत आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ की पूजा का समापन 11 जुलाई को हुआ। मीडिया प्रभारी अजय सराफ ने बताया की विधान मंडल के समापन पर पाण्डुशिला में आज 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्व नाथ को विराजमन कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक एवं शांतिधारा कर नित्य नियम पूजा की गई। आज की वृहद सुख शांति प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य नरेशचंद्र जी जैन, उमेश जैन भिंड,रमेश जैन भिंड परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान के 1008 सहस्त्र नाम की वृहद शांति धर्म विधानाचार्य अभिषेक भैया पवई द्वारा मंत्रोचार के साथ की गई। इसके बाद सम्पूर्ण विश्व में शांति सौहार्द शांति बने रहे इसलिए विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन किया



गया था जिसमे चौबीस तीर्थंकर कुंड, गौतम गणधर कुंड एवं पंच परमेष्ठी कुंड बनाए गए। हवन कुंडो में अग्नि प्रज्वलित कर ऋषि मंडल, पंच परमेष्ठी, चौबीस तीर्थंकर, विदेह क्षेत्र के बीस तीर्थंकर, चौसठ ऋद्धि मंत्रो की आहुतियां दी गई। हवन कुंड में घी, धूप, कपूर, समिधा, गोला आदि डालकर आहुतियां दी गई। हवन कुंड से निकली सुगंध से कमल मंदिर का संपूर्ण जिनालय भक्ति भाव से महक उठा। अंत में कमेटी कार्यकारणी सदस्यों नरेंद्र जैन गुड़ वाला परिवार भिंड द्वारा विधानाचार्य अभिषेक भैया जी का पूरे भक्ति भाव से आदर पूर्वक सम्मान किया। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज को शास्त्र भेंट सतीश मेडिकल को सौभाग्य प्राप्त किया।

### पुल पुलियों का करें निरीक्षण: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने जिले में बन रहे ब्रिज, पुल, पुलियों की जांच करने के निर्देश समस्त निर्माण ऐजेंसियो को दिये हैं। कलेक्टर ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ब्रिज, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, मप्र सड़क विकास निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में सभी निर्माणाधीन एवं पुराने ब्रिज, पुल, पुलियों की सूक्ष्मता से जांच करें। जिले में ऐसे ब्रिज, आरओबी, फ्लाई ओवर, ऐलीवेटेड कॉरिडोर जिनमें तीव्र मोड़, वाहनो के स्पीड के अनुसार पर्याप्त टर्निंग रेडियस का न होना, मोड़ो पर इंटरनल, एक्सटर्नल वाइंडिंग का पर्याप्त प्रावधान न होना, वाहनों की गति के अनुसार मोड़ो पर सुपर ऐलीवेशन का प्रावधान संबंधी सभी जांच पूरी गंभीरता से करें।

## नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** नगरीय निकाय के अधिकारी सड़क से गोवंश को पकड़ने प्रभावी कार्यवाही करें एवं निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को माह की एक तारीख को वेतन मिले। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में दिये। बैठक शुक्रवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, परियोजना योजना अधिकारी सचिन मसीह तथा जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नपा अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मुख्य सड़कों पर विचरण कर रहे गोवंश को तत्काल पकड़ने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी गोवंश विचरण करती पाये जाते हैं तो इस पर वह मालिक पर भी



जुर्माने की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। सभी नगरीय निकायों में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता का प्रबंधन विशेष रूप से किया जावे। सीएम हेल्पलाइन की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल उसका निराकरण किया जाये और संबंधित से व्यक्तिगत संपर्क करें और निराकरण करें। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों की पेंशन प्रकरण भी लंबित नहीं रहना चाहिये, सभी नगरी निकायों में विशेष कैंप लगाये और सभी प्रकार की ईकेवाईसी का अपग्रेडेशन करे।

## संभागायुक्त ने परिचयात्मक बैठक में दिए दिशा निर्देश

# समय-सीमा में पूरे हों काम, विलंब पर एजेंसी के खिलाफ करें कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकियां, पाइपलाइन फिल्टर प्लांट आदि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो विभाग सुनिश्चित करें। यदि कार्य में विलंब या लापरवाही हो रही है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। शासन की मंशा के अनुरूप समय पर योजना पूरी हो, लोगों को पेयजल आपूर्ति सुगम रूप से मिलेस पंचायत में जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाएं, प्रचार-प्रसार जागरूकता के लिए ही चलाया जा रहा हैं और इसकी मॉनीटरिंग भी की जाए। इस आशय के निर्देश संभागायुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने जिले के भ्रमण के दौरान कलेक्टर कार्यालय में प्रथम परिचयात्मक बैठक में विभागों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक के पूर्व संभागायुक्त सुचारी ने सेवा निवृत्त हुये अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ, कमला नेहरू महाविद्यालय की छात्राओं को लर्निंग लायसेंस वितरित किये।



बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने कहा कि एएनएम हेल्थ वर्कर सभी गांव में पहुंचे और स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के कर्मचारियों में बेहतर समन्वय हो, किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग हो, सतत समीक्षा हो। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा भ्रमण करें, ब्लॉक स्तर पर समीक्षा की जाए, इससे अच्छा रिजल्ट आएगा । सभी कर्मचारी अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहे। संभागायुक्त ने कहा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला अस्पताल, सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। एंटी स्नेक वेनम रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में सभी जगह उपलब्ध रहे। साथ ही यह भी कहा कि टीकाकरण निर्धारित दिवसों पर हो और स्वास्थ्य केद्रों, अस्पतालों में डॉक्टर समय पर जाएं और मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार रहे। उन्होंने कहा आंगनबाड़ी समय पर खुलें, सुपरवाइजर अपने निर्धारित मुख्यालयों पर रहें उनकी डायरी भी समय-समय पर चेक की जाए, सुपरवाइजर का उसके निर्धारित क्षेत्र में सतत् भ्रमण होते रहें स्वास्थ्य और महिला बाल विकास का कोआर्डिनेशन बेहतर रहे। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आपदा प्रबंधन के संबंध में पुल-पुलियों, वर्षा की स्थिति आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया पंचायत निर्वाचन के तहत जिले में पेपर लेस निर्वाचन होना हैं। इस संबंध में भी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूरी जानकारी रखी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले में हो रही दुर्घटनाओं के संबंध में बताया कि मैनिट कॉलेज भोपाल से टीम आई थी, वह उसका अध्ययन कर रही हैं, जो कमियां बताई जाएंगी, उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में सतधरू डेम से पानी पहुचाने की कार्ययोजना तैयार कर भोपाल भेजी गई है, शीघ्र ही कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटनाएं कम या नून हो उस पर काम किया जाएगा। ब्लैक स्पॉट चिन्हित थे, टीम ने उनका निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया हैं और इस दिशा में कार्यवाही जारी हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने दमोह हेल्पलाइन के साथ ही संकट के साथी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जा रही है।

# बहनों के हौसले की मजबूत डोर खुशियां हर ओर


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री
## डॉ. मोहन यादव
द्वारा



**1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को**
26वीं किस्त के
**₹ 1543.16 करोड़**

**56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को ₹ 340 करोड़**

**30 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹46.34 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण**

अपराह्न 2:30 बजे | ग्राम पंचायत नलवा, जिला उज्जैन

## राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन

मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ वितरण

अपराह्न 1:00 बजे । मुक्ताकाशी मंच, कालिदास अकादमी, उज्जैन



**12 जुलाई 2025**

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11064/25